Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 10-08-2005

Participants : Kuppusami Shri C.,Acharia Shri Basudeb,Azmi Shri Iliyas,Rathod Shri Harisingh Nasaru,Chatterjee Shri Somnath,Salim Shri Mohammad,Sibal Shri Kapil,Pathak Shri Harin,Owaisi Shri Asaduddin,Dhindsa Shri Sukhdev Singh,Yerrannaidu Shri Kinjarapu,Sonowal Shri Sarbananda,Patil Shri Shivraj V.,Modi Shri Sushil Kumar,Dasgupta Shri Gurudas,Verma Shri Rajesh,Rana Shri Gurjeet Singh,Yadav Prof. Ram Gopal,Singh Shri Rajiv Ranjan,Thomas Shri P.C.,Bansal Shri Pawan Kumar,Mahato Shri Bir Sing,Advani Shri Lal Krishna,Suman Shri Ramji Lal,Vijay Krishna Shri ,Geete Shri Anant Gangaram,Tripathy Shri Braja Kishore,Baxla Shri Joachim,Athawale Shri Ramdas,Malhotra Prof. Vijay Kumar,Dhindsa Shri Sukhdev Singh,Fernandes Shri George,Badal Shri Sukhbir Singh,Khanna Shri Avinash Rai,Singh Dr. Manmohan,Gandhi Smt. Maneka,Veerendra Kumar Shri M. P.,Francis George Shri K.

p>

Title : Suspension of Question Hour and motion for adjournment on need to take action against persons indicted by Nanavati Commission of Inquiry (Motion Negatived).

RE: MOTION FOR ADJOURNMENT

Failure of the Governmet to take action against persons indicted by Nanavati Commission of Inquiry

MR. SPEAKER: I have to inform the House that I have received ten notices of adjournment motion from Shri Ramji Lal Suman, Prof. Vijay Kumar Malhotra, *Sarvashri* Santosh Gangwar, Sukhdev Singh Dhindsa, Prabhunath Singh, Sarbananda Sonowal, Sushil Kumar Modi, P.C. Thomas, Anant G. Geete and Yogi Aditya Nath regarding the "failure of the Government to take action against the Congress leaders indicted by the Nanavati Commission".

I have given my consent to Shri Sushil Kumar Modi who has secured first place in the ballot to move the motion in the following form: -

"Failure of the Government to take action against the persons indicted by the Nanavati Commission."

Shri Sushil Kumar Modi, meanwhile, in his letter received by me just now has requested that Shri Sukhdev Singh Dhindsa may be permitted to seek leave of the House and initiate discussion in his place.

I have accepted his request. Shri Sukhdev Singh Dhindsa may now ask for leave of the House.

SHRI SUKHDEV SINGH DHINDSA (SANGRUR): Sir, I seek leave of the House for moving the Motion for Adjournment regarding failure of the Government to take action against persons indicted by the Nanavati Commission of Inquiry.

MR. SPEAKER: Is the leave opposed?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI PRANAB MUKHERJEE): Let the discussion take place.

MR. SPEAKER: You are not opposing it.

SHRI PRANAB MUKHERJEE: I am not supporting the Adjournment Motion.

MR. SPEAKER: Those who are in favour of leave being granted for moving the Adjournment Motion may rise in their places.

SEVERAL HON. MEMBERS *rose* --

MR. SPEAKER: I find the number is more than the requisite number.

So, leave is granted. Under Rule 61, the adjournment motion is to be taken up at 1600 hours or at an earlier hour. Under Rule 62, not less than 2 hours and 30 minutes are allotted for its discussion. The discussion on the motion may be taken up immediately. I think, the House agrees.

Before that, there is no motion before me for suspension of the Question Hour. I take it that the sense of the House is to suspend the Question Hour in view of the importance of the matter. I think, the House agrees.

The Question Hour is suspended.

11.05 hrs.

MOTION FOR ADJOURNMENT

Need to take action against persons indicted by the Nanavati Commission

of Inquiry – Contd.

MR. SPEAKER: May I make one request or appeal to all of you? This is an important matter, and there are strong feelings on this issue. My earnest appeal to all of you is that since the discussion has been allowed, let it be carried on in a proper manner so that the country also knows that we are able to discuss the important issue in a dignified manner. Let there be no interruption. Hon. Leaders or Members can respond to each other when their time comes. That is my earnest request to all sections of the House.

SHRI SUKHDEV SINGH DHINDSA (SANGRUR): Sir, I beg to move:

"That the House do now adjourn."

अध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे एक ऐसे इश्यु पर बोलने का मौका दिया, जिस पर 21 साल से सिर्फ हिन्दुस्तान ही नहीं बल्कि सारी दुनिया के सिख इंसाफ की मांग कर रहे ce[R1]।

उसके लिए जो नौ कमीशन बने, उनमें आखिरी नानावती कमीशन था। सरकार ने उसकी रिपोर्ट और उसकी एटीआर यहां सदन में रखी। मैं उस पर कुछ कहने से पहले जो सिखों के साथ हुआ और जो सिखों ने इस देश के लिए किया, उसके संबंध में बताना चाहता हूं।

आज़ादी की जंग जब सारा हिन्दुस्तान लड़ रहा था तो उसमें कितना हिस्सा हमारा था, मैं उसके संबंध में पहले आपको बताना चाहता हूं। यह मेरी नहीं, भारत सरकार की रिपोर्ट है कि 121 लोग फांसी पर चढ़ाए गए, जिनमें से 93 सिख थे। लाइफ इंप्रिज़नमैंट 2646 को दी गई जिनमें से 2147 सिख थे। फिर जलियांवाला बाग में 1300 लोगों का कत्ल हुआ जिसमें 799 सिख थे। कूका मूवमैंट चली गऊ की रक्षा के लिए, जिसमें 91 कूका तोपों से उड़ा दिये गये, वे भी सारे सिख थे। इसके अलावा एक अकाली मूवमैंट आज़ादी के दौरान चला जिससे शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और शिरोमणि अकाली दल ने एक मूवमैंट चलाया कि हमारे गुरुद्वारा साहिबान में अंग्रेज़ों ने जो अपने पिट्ठू महंत बैठा रखे हैं, उनको निकालना है और अपने कब्ज़े में लाना है। उस लड़ाई में 500 सिख शहीद हुए। उसके बाद जब हमने यह जंग जीती, एसजीपीसी एक्ट बना, तो उस वक्त महात्मा गांधी जी का पहला तार गया था कि आपने आज़ादी की पहली जंग जीत ली है। 1931 में महात्मा गांधी जी दिल्ली के शीशगंज साहिब गुरुद्वारा में गए। सिखों के साथ उन्होंने वायदे किये। उन्होंने कहा कि मैं आपसे वादा करता हूं कि जब आज़ाद हिन्दुस्तान होगा तो आपके बगैर पूछे हिन्दुस्तान में कोई ऐसी बात नहीं होगी जो सिखों को नामंज़ूर हो। वहां पर एक सरदार मदनसूदन सिंह उठे। उन्होंने कहा कि महात्मा जी, जब सरकार बन जाती है तो और कुछ हो जाता है, लेकिन आप कैसे हमें यकीन दिलाते हैं? यह बात महात्मा जी ने 'यंग इंडिया' नामक मैगज़ीन में लिखी है, जो वे निकालते थे। उन्होंने कहा कि 'मैं आपसे इस पवित्र जगह पर वादा करता हूं कि अगर कांग्रेस की सरकार बनती है और आपके साथ बेइंसाफी होती है तो, गुरु गोविन्द सिंह ने जो आपको सिखाया है कि तलवार उठाओ, मैं आपके साथ रहूंगा, अगर आपके साथ कोई बेइंसाफी होगी।' मैं बतानाच्स आज से नहीं, बल्कि जब से मुल्क आज़ाद हुआ, तब से ही हमारे साथ बेइंसाफी शुरू हो गयी।

स्पीकर साहब, जब से मुल्क आज़ाद हुआ, तब से ही हमारे साथ बेइंसाफी शुरू हो गयी। सबसे पहले अगर कोई पोलिटिकल लीडर अरैस्ट हुए तो मास्टर तारा सिंह शिरोमणि अकाली दल के प्रेज़ीडैंट 1949 में हुए। वे क्या करने आ रहे थे - वे सिखों की एक कॉनफ्रैन्स करने के लिए दिल्ली आ रहे थे कि जैसा हमारे कांस्टीट्यूशन में है कि जो प्रमाणित लैंग्वेजेज़ हैं, उनके आधार पर सूबे बनाए जाएंगे, लेकिन चूंकि हम पंजाबी लैंग्वेज के आधार पर सूबा मांगते थे, तो इन्होंने कहा कि हमन उसे यहां दिल्ली में आने ही नहीं देंगे। इस प्रकार नरेला स्टेशन से ही भारत के पहले पोलिटिकल प्रिज़नर मास्टर तारा सिंह को अरैस्ट करके हिमाचल भेज दिया गया। 1955 से हमारी मांग रही कि हमारा भी पंजाबी सूबा बना दिया जाए, लेकिन कुछ नहीं मिला। उस समय हम 80,000 लोग जेलों में गए, गोलियां चलीं, लाठियां चलीं। अगर 1965 की जंग न होती तो पंजाबी सूबा भी हमें नहीं मिलता[h2]।

महोदय, मैं सदन से पूछना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान के आजाद होने के बाद, हिन्दुस्तान की रक्षा के लिए तीन जंगें हुईं, उन जंगों को लड़ने में किन लोगों का ज्यादा हिस्सा था, कौन लोग थे जो उन लड़ाइयों को कमांड कर रहे थे? जनरल कुलवंत सिंह, जिन्होंने कश्मीर की लड़ाई लड़ी थी, उन्होंने कहा था कि अगर पंडित नेहरू हमें न रोकते और 24 घंटे और लड़ाई के लिए मिल जाते तो आज हिन्दुस्तान की जो रूप-रेखा है, वह न होती और न कोई कश्मीर का मसला होता। उसके बाद सन् 1965 में जनरल हरबख्श सिंह लड़ाई के हीरो बने, वह भी सिख थे। सन् 1971 की जंग, जो बंगला देश की जंग थी, उसके हीरो भी जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा थे।

अध्यक्ष महोदय, सिर्फ लड़ाई की ही बात नहीं है, जब देश को अनाज की जरूरत पड़ी, आप जानते हैं कि हरित क्रांति के पहले हम कभी अस्ट्रेलिया जाते थे या दूसरे देशों में अनाज लेने के लिए जाते थे। उस समय जिस सूबे की डेढ़ परसेंट जमीन हिन्दुस्तान में है, उन्होंने 60 से 70 परसेंट तक फूडग्रेंस को स्टोर करके भारत को दिया और भारत को अनाज के मामले में सेल्फ सफिशियेंट बनाया। लेकिन यह सब करने के बाद हमें क्या मिला - हमारे क्षेत्र का पानी भी ले लिया गया। इससे पहले ऐसा कभी देश में नहीं हुआ। हमारी राजधानी हमें नहीं मिली। हमारा पंजाबी बोलने वाला क्षेत्र हमसे छीन लिया गया। मैं आपके द्वारा इस सदन से अपील करना चाहता हूं कि हम कुर्बानियां करते चले गए, उसके बदले जो हमारे पास था वह भी हमसे छीन लिया गया। जनरल खंडूरी जी यहां बैठे हैं और दूसरे लोग भी जानते होंगे कि सन् 1965 की लड़ाई में जब हमारे जवान लड़ रहे थे तब हमारी बहू, बेटियां और बहनें रोटी ले कर उनके बैरक्स में जा कर उन्हें खाना खिलाती थीं। हमारे ट्रक वाले अपने ट्रकों में लड़ाई का सामान ले कर वहां जाते थे। इतना सब हिन्दुस्तान के लिए करने के बावजूद भी सिखों को इंसाफ नहीं मिला। आज से ही नहीं, बल्कि ऐसा पहले से होता आया है। सिर्फ इतना ही नहीं है महोदय, फिर आप देख सकते हैं कि इमरजेंसी की लड़ाई हुई। हिन्दुस्तान को दोबारा गुलाम बना दिया गया। कोई बोल नहीं सकता था, कोई लिख नहीं सकता था और कोई भी अदालत में नहीं जा सकता था। उस समय सिर्फ एक ही पार्टी ने 19 महीने की लड़ाई लगातार लड़ी। उसके बाद आजादी दोबारा बहाल हुई, हमारा हक फिर बहाल हुआ। लेकिन उसके बाद भी हमें क्या मिला? हमारी सरकार सन् 1977 में बनी। शिरोमणि अकाली दल और जनता पार्टी ने सरकार बनाई। लोगों ने फतवा दिया और सरदार प्रकाश सिंह बादल मुख्य मंत्री बने और उसमें मैं भी मंत्री रहा। हमें 117 सदस्यों में से 101 सदस्यों की सपोर्ट हासिल थी, लेकिन एक रात को सरकार तोड़ दी गई। यह नहीं देखा गया कि इनको कितने सदस्यों की सपोर्ट है, 117 में से 101 सदस्यों इनके साथ हैं। इससे हालात और बिगड़ गए। तब संत जरनैल सिंह भिंडरावाला उठे। उन्होंने कहा कि अकाली आपको कुछ नहीं दे सकते हैं, नॉन वायलेंस से आपको कुछ नहीं मिलेगा, अकाली आपको नॉन वायलेंस से या जेलों में भेज कर कुछ नहीं दिला सकते हैं, आप मेरे साथ आओ, हम हिन्दुस्तान की सरकार से लड़ाई लड़ेंगे और आपको हक दिला कर रहेंगे। उसके बाद जो स्थिति आई, वह आपके सामने है। किसी कौम के साथ यह पहली बार हुआ है कि उसके सबसे पवित्र स्थान हरमंदर साहब और अकाल तख्त साहब पर फौजें भेज दी गईं, टैंक चढ़ा दिए गए और तोप से उड़ा दिया गया। इससे बुरी बात किसी आजाद देश में और उस कौम के साथ हो जिसने देश के लिए इतनी कुर्बानियां दी हों, इसकी मिसाल मौजूद नहीं है, यह बहुत असहनीय है। मैं आपको बता रहा हूं, सदन को बता रहा हूं और ये बातें बहुत कम शब्दों में बता रहा हूं[i3]।

अधयक्ष महोदय, फिर क्या था, हमारे लोग भी बहुत मारे गए। हमें भी निशाना बनाया गया। हमारे प्रैसीडेंट सन्त हरचन्द सिंह लौंगोवाल शहीद हुए। हमारे माननीय नेता जत्थेदार गुरचरण सिंह तोहड़ा और जत्थेदार जगदेव चन्द तलवंडी पर अटैक हुए और उनके साथी मारे गए। वे बच गए, लेकिन फट्टड़ (जख्मी) हो गए। इस प्रकार हमें एक तरफ सरकार से मार खानी पड़ रही थी और दूसरी तरफ उनसे मार पड़ रही थी। हमारा क्या कसूर था- हमारा कसूर सिर्फ इतना ही था कि हमने उस समय बड़ा काम किया, देश को जवान दिए, देश की आजादी के लिए सबसे ज्यादा कुरबानियां दीं। देश को आजाद रखने के लिए जब जरूरत पड़ी, तो हमने सबसे ज्यादा कुर्बानियां कीं। जब अनाज की जरूरत पड़ी, तो हमने अनाज दिया, क्या यही हमारा कसूर है, क्या इसीलिए हमारे साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है ? मैं दलगत राजनीति से ऊपर उठकर, सदन से अपील करना चाहता हूं कि सिखों के साथ ऐसा व्यवहार न किया जाए। जो कुछ हमारे साथ हुआ है और जो कुछ हो रहा है, ऐसा करते समय हमारी कुरबानियों को तो कम से कम ध्यान में रखा जाए।

अध्यक्ष महोदय, 1984 में, श्रीमती इंदिरा गांधी की मृत्यु के बाद, अकेले दिल्ली में, दिन-दहाड़े, लगातार तीन दिन तक कत्ल होते रहे और गवर्नमेंट की फिगर हैं कि उसमें 2733 सिख मारे गए। पुलिस तमाशबीन बनकर बैठी रही, तीन दिन तक फौज को नहीं बुलाया गया। यह मैं नहीं कह रहा हूं, यह आपका प्रैस कह रहा है, मीडिया कह रहा है। मैं इसके सबूत आपको देना चाहूंगा। किसी एक आदमी की डैथ हो जाए, तो कहते हैं कि सबूत नहीं मिला। इसके ऊपर नौ कमीशन बन गए, लेकिन सुबूत नहीं मिले। क्या सरकार को किसी के ऊपर शक भी नहीं है, सरकार को सबूत क्यों नहीं मिले, मैं बताऊंगा। सभी अखबारों ने उस समय

लिखा था कि कौन-कौन आगे थे, किस-किस ने इनसाइट किया, कुछ लोगों को पुलिस ने पकड़ा, उन्हें किस-किस ने छुड़वाया। यह सब विवरण विस्तार से अखबारों में आया है, लेकिन सरकार कहती है कि सबूत नहीं मिले, इस पर कौन विश्वास करेगा ?

अध्यक्ष महोदय, जब ऐसी कोई घटना हो जाए, तो तुरन्त सरकार और पुलिस को हरकत में आना चाहिए था। उस दिन 9 बजकर 20 मिनट पर श्रीमती इंदिरा गांधी पर हमला हुआ और 11.00 बजे ऑल इंडिया रेडियो बोल रहा था कि सिखों ने श्रीमती इंदिरा गांधी पर हमला कर दिया। वह भी एक साजिश थी ताकि सारे सिखों की पहचान कर ली जाए। मैं बताना चाहता हूं कि उनके घरों को किसने मार्क किया, किसने कहा कि यह सिख का घर है, यह सिख की फैक्ट्री है या यह सिख की दुकान है। एक जैसे साइज के इतने रॉड एक दिन में कैसे इकटठे हो गए, एक दिन में इतने सारे रॉड, एक ही साइज के, कहां से तैयार हो गए, इतना डीजल, इतना पैट्रोल और इतना मिट्टी का तेल, कहां से मिला - क्या वह अपने आप आ गया या अपने आप इकट्ठा हो गया ? यदि ये सब बातें नहीं होतीं, तो शायद इतने बड़े पैमाने पर सिखों का कत्ल नहीं होता।

अध्यक्ष महोदय, उस दिन सारे न्यूज पेपर्स ने लिखा है कि चार ग्रुप बने हुए थे - एक ग्रुप जाता था, वहां जो कोई आदमी होता था, उसे मारता था, कत्ल करता था, दूसरा ग्रुप जाता था, उसका जो हाउस, दुकान या फैक्ट्री होती थी, उसका ताला तोड़ देता था, तीसरा ग्रुप उसे लूटता था और चौथा ग्रुप उसे आग लगा देता था। यह मैं नहीं कह रहा हूं। यह प्रैस कह रही है। उस दिन का प्रैस का रिकॉर्ड देख लीजिए[rpm4]।

आज पासवान जी यहां नहीं हैं, पासवान जी का घर लूटा भी गया, एक सिख को उनके सामने जलाया भी गया। लारन जी बैठे हैं, इनसे पूछिये। ये उस वक्त मौजूद थे, ये भी बोलेंगे। यही नहीं, जो बहुत बड़े इण्टेग्रिटी वाले रिटायर्ड पर्सन थे, जब सरकार ने कुछ नहीं किया, सरकार हर दिन सामने नहीं आई तो उनमें से मैं पूछता हूं कि जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा को, जिनको सारा हिन्दुस्तन अपना हीरो मानता है, उनकी क्या हालत थी। उस वक्त वे अपने घर नहीं जा सके। वे कहते हैं कि वह हिन्दुस्तान, जिसके लिए मैंने इतनी बड़ी कुर्बानी की है, उसमें मैं आज अपने घर नहीं जा सका और वे आई.के. गुजराल जी के घर रहे। इसलिए उनकी जान बची, नहीं तो ऐसा जनरल, जिस पर सारा हिन्दुस्तान फख करता है, उस जनरल की यह हालत थी। ऐसे कितने ही सिखों की कहानी मैं बताऊंगा तो बहुत टाइम लगेगा। जब सरकार नहीं आई तो 'People's Union of Civil Liberties' and 'People's Union for Democratic Rights' came out कि कुछ न कुछ इनका किया जाये, इसलिए उन्होंने बुकलेट छपवाई, आपने भी शायद पढ़ी हो। उसमें नाम थे-'Who are the Guilty?' केवल यही नहीं कि एफीडेविट्स ही थे। वे तो एन.जी.ओज़. थे, वे किसी पोलिटिकल पार्टी के लोग नहीं थे। यही नहीं, 1985 के अर्ली मंथ्स में दो और एन.जी.ओज़. आये, 'Citizens for Democracy' headed by Justice B.K. Tarkunde और दूसरा 'Citizens Commission' headed by former Justice of India, Mr. S.M. Sikri. अगर विश्वास नहीं, तो उनकी रिपोर्ट मंगा लीजिए। उनकी रिपोर्ट पर भी कार्रवाई करते, कोई पार्टी के आदमी नहीं थे, वे तो किसी पार्टी से जुड़े हुए नहीं थे, उनकी रिपोर्ट कहां गई, उस पर सरकार ने कोई एक्शन लिया हो तो आप जवाब दें।

यही नहीं, इस रिपोर्ट में भी बहुत कुछ लिखा है। इसमें आपने पढ़ा होगा, बहुत से स्टेटमेंट्स हैं, एफीडेविट्स हैं, लेकिन मैं सारे नहीं पढूंगा, मैं सिर्फ 2-3 ही पढूंगा। श्री आई.के. गुजराल, जो फोर्मर प्राइम मिनिस्टर रहे, जिन्होंने यह बताया कि हम होम मिनिस्टर के घर गये, पहले तो सरदार पतवंत सिंह और जनरल जगजीत सिंह के घर गये, जहां प्रबन्ध सिंह, ब्रिगेडियर जगजीत सिंह और आई.के. गुजराल थे, उन्होंने कहा कि हमने टेलीफोन किया तो हमारा टेलीफोन होम मिनिस्टर ने नहीं सुना। उन्हें बताया गया कि वे मीटिंग में बैठे हैं तो हमने सोचा कि अपने आप चलते हैं। हम उनके घर चले गये और जब अन्दर चले गये तो हमने देखा कि वहां कोई मीटिंग नहीं थी, वहां कोई आदमी नहीं था। हमने पूछा कि यह क्या हो रहा है, आप क्या कर रहे हो, आप आर्मी क्यों नहीं बुला रहे, तो वह कहते हैं कि मैं करता हूं, देखता हूं। हिन्दुस्तान का होम मिनिस्टर ऐसा कह रहा है, जिसे मालूम है कि सारी दिल्ली जल रही है और लाशें पड़ी हैं। जहां 2733 तो सरकार की अपनी फीगर्स हैं, लेकिन होम मिनिस्टर कहते हैं कि मैं सोच रहा हूं। जब वे जनरल से मिलते हैं और कहते हैं, मेरे साथ कोई बात नहीं करता। वहां एक एरिया कमाण्डर था। वे कहते हैं कि एज़ ए जनरल हम वहां गये तो हमने पूछा कि आप क्यों नहीं आर्मी लाते हो तो कहते हैं कि पुलिस हमारे साथ कोआर्डीनेट नहीं कर रही। फीगर्स के बारे में मेरे और साथी बोलेंगे तो वे बताएंगे। मैं कहना चाहता हूं कि हमें किसी कमीशन से कुछ इन्साफ नहीं मिला है[i5]

मैं आपको बताना चाहता हूं कि इस कमीशन से भी हमें कुछ नहीं मिला है। जो थोड़ी बहुत रिकमन्डेशन्स थीं, वह सरकार ने खत्म कर दीं और उन लोगों को सरकार ने बरी कर दिया। मैं पूछना चाहता हूं कि सरकार ने उन्हें किस लेवल पर बरी किया और क्यों किया? क्या सारी दुनिया नहीं जानती कि श्री एच.के.एल. भगत, श्री जगदीश टाइटलर, श्री सज्जन कुमार और श्री शास्त्री इनमें शामिल है? सभी पेपरों ने इस बात को कहा है, सभी कमेटियों ने एफिडेविट देकर कहा है कि ये इंवाल्व हैं। लेकिन सरकार कहती है कि वे इंवाल्व नहीं हैं। क्या किसी लोकतान्त्रिक देश में ऐसा सोचा जा सकता है? मैं आपके द्वारा सरकार से कहना चाहता हूं, सरदार श्री मनमोहन सिंह जी, जो एक सिक्ख प्रधानमंत्री हैं, जब वह प्रधानमंत्री बने, तब हमने भी खुशी मनायी थी और लोगों में भी इसकी खुशी थी कि कांग्रेस ने एक सिक्ख को प्रधानमंत्री बनाया है, लेकिन उस सिक्ख प्रधानमंत्री का क्या फायदा, जब उन्हीं की कम्यूनिटी को कोई इंसाफ नहीं मिल रहा है। उन्होंने जो कुछ किया था, वह सब कहां चला गया। जिसका बहुत बड़ा क्रेडिट लेते थे, वह कहां चला गया। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या हमें कभी इंसाफ मिलेगा? क्या ऐसा कोई वक्त भी आएगा जब हमें इंसाफ मिल पाएगा? मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि आप निर्देश दें और यह हाउस पास करे कि जिन लोगों पर अंगुली उठायी गयी है, जिनके खिलाफ रिकमन्डेशन्स की गई हैं, उनके खिलाफ तो केस रजिस्टर होना चाहिए, उनके खिलाफ केस चलना चाहिए और उनको सज़ा मिलनी चाहिए। पूरे हिन्दुस्तान में चार हजार सिक्खों को तीन दिन में मार दिया गया। बच्चे, बूढ़े, नौजवान, माता, बहनें, बीवियों को कत्ल किया गया। क्या किसी एक को भी सज़ा नहीं होगी? क्या किसी देश में ऐसा विधान, रूल है कि एक भी दोाी आदमी को सज़ा न हो? क्या हमें भारतीय होने के नाम पर शर्म नहीं आती है? जिस कम्यूनिटी ने अपना इतना खून बहाया है, जिस कौम ने इतने बड़े-बड़े बलिदान दिए हैं, वे सिर्फ इंसाफ मांगते हैं और कुछ नहीं मांगते हैं। मैं निवेदन करूंगा कि आप पार्टी लेवल से ऊपर उठकर इंसाफ के साथ चलें और हमें इंसाफ दिलाएं। मेरी यही विनती है। और भी बहुत सी बातें और तथ्य हैं, जो मेरे साथी आपके सामने रखेंगे। मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया।

MR. SPEAKER: Motion moved:

"That the House do now adjourn."

श्री पवन कुमार बंसल (चण्डीगढ़) : अध्यक्ष महोदय, निःसंदेह 1984 के सिक्ख विरोधी दंगों को मैं दंगे नहीं, बल्कि नरसंहार कहूंगा। निश्चित तौर पर भारत के उज्ज्वल नाम पर यह दंगा एक धब्बा है। मैं ढींडसा साहब की इस बात से सहमत हूं कि सिक्ख समुदाय के लोगों ने देश के इतिहास में हमेशा ही बहुत अहम रोल अदा किया है। गुरू नानक देव जी ने देश को एकता का संदेश दिया। गुरूओं ने कहा "मानस की जात सबै एक ही पहचानो" साथ ही कहा "अव्वल अल्लाह नूरे उपाया, कुदरत दे सब बंदे, एक नूर ते सब जग उपजया, कौंन भले कौं मंदे।" इस बात को हम सब मानते हैं और इस देशभक्त कौम के ऋणी हैं कि इस कौम ने आजादी के संर्घा के समय कितनी कुर्बानियां दीं। यह बात भी सही है कि आज जिस हरित क्रांति का जिक्र हम अपना सिर ऊंचा उठाकर करते हैं, उसमें बहुत बड़ा योगदान सिक्ख समुदाय के लोगों का cè[MSOffice6]।

लेकिन मुझे यह भी कहना होगा कि 1984 से पहले तक, मैं सिर्फ उन सात दिनों को छोड़कर बात करना चाहता हूं, उससे पहले और बाद में कभी भी, किसी वक्त, किसी भी तरह सिख समुदाय के खिलाफ कोई बात नहीं उठी।

जैसा मैंने शुरू में कहा, ये दंगे हिन्दुस्तान के नाम पर एक बहुत बड़ा कलंक हैं और इस कलंक को धोया नहीं जा सकता।...(व्यवधान) मैंने क्या गलत कहा।...(व्यवधान) यह बात सही है कि श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद तीन-चार दिन या एक हफ्ते में 2733 सिख भाइयों के कत्ल दिल्ली में हुए और देश के अन्य प्रान्तों में 300 से ऊपर कत्ल हुए, लेकिन इसी वक्त मुझे यह बात कहने की आवश्यकता है कि श्री राजीव गांधी, जो उस हालात में प्रधानमंत्री बने, उन्होंने राट्र के नाम अपने पहले संदेश में क्या कहा।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : यह सही नहीं है।

... (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I am appealing to all of you. This is a very sensitive matter. Every hon. Member has a right to say what he wants to say; and you also have the right to reply. Nobody can question the role played by the Sikhs and nobody can doubt the great role played by the Sikh people in our country and in the history of our country. It is one of the most patriotic communities and we are all proud of the contribution made by the Sikhs. I am sure, nobody is minimising it. Shri Bansal has also admitted it rightly.

श्री पवन कुमार बंसल : 31 अक्टूबर, 1984 को ही उन्होंने जो कहा, मैं उसे कोट करता हूं।

"We should not let our emotions get the better of us because passions would cloud judgement. Nothing would hurt the soul of our beloved Indira Gandhi more than the occurrence of violence in any part of the country. "

2 नवम्बर, 1984 को जब दिल्ली में दंगे हो रहे थे, वह 1.11.1984 को खुद दिल्ली के दंगाग्रस्त इलाकों का दौरा कर चुके थे। उन्होंने कहा -

> "Some people are casting a slur on our memory by indulging in acts of hatred and violence. Anything that creates a division between brother and brother comes in the way of national unity. The violence is only helping the subversive forces to achieve their ends. Communal madness will destroy us; it will destroy everything India stands for. As the Prime Minister of India, I cannot and will not allow this."

ये शब्द श्री राजीव गांधी ने कहे थे। दंगाग्रस्त इलाकों का दौरा करने के बाद उन्होंने जस्टिस रंगनाथ मिश्र जांच आयोग बनाया।...(व्यवधान)

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (दक्षिण दिल्ली) : उन्हें आपने राज्य सभा का मैम्बर बना दिया।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : प्लीज़, मल्होत्रा जी, यह ठीक नहीं है।

...(व्यवधान)

श्री पवन कुमार बंसल : आयोग ने सभी को आमंत्रित किया कि यदि किसी के पास कोई साक्ष्य है, किसी तरह का कोई एवीडैंस है, तो वह उनके सामने पेश कर सकता है। उन्होंने अपनी सिफारिश में तीन समितियों के गठन की आवश्यकता पर जोर दिया और सरकार ने तीनों कमेटीज़ बनाईं। उन्हीं कमेटीज़ के तहत बाद में एक कमेटी ने आंकड़े दिए कि उन दिनों दिल्ली में 2733 मौतें हुई थीं।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Do not disturb the speaker of your own party.

... (*Interruptions*)

श्री पवन कुमार बंसल : बात वहीं खत्म नहीं हुई। सरकार अपनी जिम्मेदारी समझती रही और इसी कारण 636 एफआईआर दायर की गईं।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : यह क्या हो रहा है। आप बैठिए।

...(व्यवधान)

श्री पवन कुमार बंसल : हमारे मन की भावनाएं कुछ भी हों, हम कैसा भी उस चीज से महसूस करते हों।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I wish to compliment Shri Dhindsa for a very responsible submission. He has put it in a proper pedestal. Let them respond. But if you go on interrupting each other, it is not fair. I am appealing to all of you not to interrupt each other[R7].

श्री पवन कुमार बंसल : लेकिन हमें यह बात भी कबूल करनी है कि जब मामला कचहरी में चला जाता है, तो वह सरकार के हाथ में नहीं रहता। आज मैं उन बातों पर नहीं जाना चाहता, मैं इस बात की गंभीरता और संजीदगी समझता हूं। जैसा अभी ढींडसा साहब ने कहा कि ऐसे संवेदनशील मसलों पर चर्चा पार्टी स्तर से ऊपर उठकर होनी चाहिए। लेकिन उस वक्त जब हम ऐसा कहें, तो साथ-साथ हमें यह देखने की जरूरत है कि हम कोई ऐसा शब्द न कह दें, कोई ऐसी बात न कह दें जिससे पूरे देश को ठेस पहुंचे। इस बात में कोई शक नहीं कि उन दंगों के कारण न केवल सिख समुदाय के लोगों, बल्कि पूरे देश में राट्रवादी लोग, अच्छी सोच रखने वाले लोगों का ज़मीर, भावनाएं, उनको ठेस पहुंची थी। उसी के कारण सरकार ने अपनी जम्मेदारी समझी थी, स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने अपनी जिम्मेदारी समझी थी और तभी कहा था कि 'this [R8]madness must end'. उसके बाद मसले कचहरी में गये। हम जानते हैं कि जब एक एफआईआर में सौ-सौ नाम दर्ज हों, मैं उनके दर्द को भी समझता हूं। यह दर्द उनका ही नहीं, पूरे देश के एक-एक नागरिक का है। आज ढींडसा साहब जो कह रहे हैं और उसके बाद के कुछ वर्षों में कहा, मैं ईमानदारी के साथ कहना चाहता हूं कि अगर सही मायने में उनकी पार्टी ने एक-एक घर जाकर वह बात कही होती, उन लोगों से मिले होते, उनके साथ बैठकर अपनी लीगल सर्विसेस दी होतीं, तो शायद वे अच्छी एफआईआर लिखवा सकते थे, शायद अच्छे बयान दे सकते थे। ...(व्यवधान)

श्री अनंत गंगाराम गीते (रत्नागिरि) : अध्यक्ष जी, दिल्ली में पुलिस कहां थी ? यह क्या बात कर रहे

हैं ? ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I have always been appealing to you all.

... (*Interruptions*)

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : उस वक्त एफआईआर कोई नहीं लिखता था। सब जाली एफआईआर थीं। सब रिकार्ड्स डिस्ट्रॉय कर दिये। ...(व्यवधान) यह कहते हैं कि एफआईआर लिखवाते। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please keep quiet. I have always been expressing my view that no hon. Member is bound by the views of the other hon. Member.

... (*Interruptions*)

श्री सुखदेव सिंह ढींडसा : मैं एक बात कहना चाहता हूं। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I have myself complimented you.

... (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : उनके यील्ड करने से ही आप पूछेंगे। सब लोगों के एक साथ खड़े होने से कुछ नहीं होगा।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nobody is bound by his views. The procedure is, after the debate, the reply will be given. You may do that.

अध्यक्ष महोदय : आप उनसे पूछिये। It is up to him to yield or not. I cannot compel him.

श्री सुखदेव सिंह ढींडसा : अध्यक्ष महोदय, मैं एक क्लेरीफिकेशन देना चाहता हूं। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : मैंने आपको बोलने का पूरा मौका दिया है।

...(व्यवधान)

श्री पवन कुमार बंसल : अध्यक्ष महोदय, ढींडसा साहब ने कहा था कि उनके और सदस्य इस पर बोलेंगे। मेरी जो भी बात गलत होगी, उसे मैं कबूल करूंगा लेकिन उसका जवाब इनके और साथी दे सकते हैं। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: He is not yielding.

... (*Interruptions*)

श्री सुखदेव सिंह ढींडसा : इनके बोलने के बाद आप मुझे बोलने दीजिए। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : इनके बोलने के बाद देखा जायेगा।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आपको पसंद नहीं है, तो आप जवाब दीजिए।

...(व्यवधान)

श्री पवन कुमार बंसल : अध्यक्ष महोदय, कचहारियों में 636 एफआईआर दायर हुई और उनकी मौनीटरिंग होती रहीं। गृह मंत्रालय में अलग से एक सेल बना, जिसके तहत अफसरों को हिदायतें दी गयीं कि एक-एक केस की पूरी पैरवी करनी है। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions) ...**

श्री पवन कुमार बंसल : अगर पीठासीन जज के किसी बयानात की बिना पर महसूस नहीं करते, हमारे कानून के तहत किसी को दंड दिया जा सकता है तो उसके लिए आरोपी कौन होगा, किस पर आरोप लगाये जायेंगे ? सरकार में उसके लिए कसूर ढूंढे जायेंगे? जो बात हम कहते हैं, जिस हिसाब से बहस करना चाहते हैं, वह नहीं हो पायेगी। लेकिन मैं साथ-साथ यह भी कहना चाहता हूं कि वे केस अभी भी खत्म नहीं हुए। हाल ही में 16 मई, 2005 को दिल्ली हाई कोर्ट ने पांच लोगों को उम्र कैद की सजा दी--इसका मतलब है कि केस चल रहे हैं। यह बात सही है। ...(व्यवधान) जस्टिस रंगनाथ कमीशन ने यह बात उस वक्त कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली प्रशासन उस वक्त निक्रिय, संवेदनहीन और उदासीन रहा। सरकार की तरफ से शिनाख्त की गयी और उसके बाद इसे बहुत गंभीरता से लिया गया तथा पुलिस आफिसर के खिलाफ केस दायर किये। लेकिन हमें फिर यह बात कहनी होगी, उस बात को हम नजरअंदाज नहीं कर सकते कि अगर कोई आदमी उस वक्त सेवानिवृत्त हो चुका हो, यहां सब जानते हैं कि उसके बाद सरकार उस पर केस चला सकती है। क्या सरकार ने कोशिश नहीं की [r2]?

6 साल मिले थे, कानून बदले नहीं गये। ...(व्यवधान) जो कानून थे, उनके तहत जो कचहरियों ने फैसला दिया, सरकार आगे अपील करती रही और अपील करने के बाद ही पांच केसों में लाइफ इम्प्रिजनमेंट हुआ।

सर, मैंने जिक्र किया था कि 31 अक्तूबर और उसके बाद 2 नवम्बर, 1984 को श्री राजीव गांधी जी ने क्या कहा था। इल्जाम यही लगाये जा रहे हैं। मुझे थोड़े अफसोस के साथ सिर्फ यही कहना होगा कि अगर इस बहस के जो तथ्य हैं, उन पर बातें होतीं, तो हम कबूल करते कि कोई भी कहीं भी दंगा हो, कहीं भी नरसंहार हो, वह देश के लिए नरसंहार ही है, बेशक वह 1947 का दंगा हो या 1984 का या 1993 का या 2002 का दंगा रहा हो। वे सभी हमारे लिए दंगे हैं और हमें उन सभी के लिए सोचना होगा,

---

* Not Recorded.

तब मैं समझता कि आज हम किसी बात पर बहस कर रहे हैं। हमें एक संकल्प लेना चाहिए कि देश में फिर ऐसा नहीं होगा और हम पार्टी से ऊपर उठकर बात करना चाहते हैं। लेकिन अगर बात उनमें यही होगी, जैसे कि आखिर के एक वाक्य में श्री ढींडसा जी ने पांच नाम ले लिए - मुझे मालूम है, वे नाम कमीशन के आगे आए लेकिन वह काम कमीशन को करना था। कमीशन ने उसके सामने जो एवीडेंस आए, एक-एक पर विचार करके उन्होंने अपनी फाइंडिंग्स दी। उसके बाद मांग उठी, वह मांग वाजिब थी और मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि उस वक्त के गृह मंत्री और उप-प्रधान मंत्री यहां हैं, जब यहां हाउस में लोगों पर केसों का जिक्र हो रहा था, उस वक्त भी हम उस तरफ बैठे थे, कांग्रेस के सदस्यों की तरफ से यह बात उठी थी कि अगर आप समझते हैं कि रंगनाथ जांच आयोग की तरफ से या उसके बाद जो समितियां बनी हैं, उनके बनने के बाद कोई इंसाफ नहीं हुआ तो एक और कमीशन बनाइए। हम लोगों ने यह मांग की थी। आप इस बात को ठुकरा नही सकते कि तब एक कमीशन बना। हमसे आपने नहीं पूछा कि किसे उस कमीशन का हैड बनाना चाहिए। आपने अपनी बुद्धि के हिसाब से ठीक बनाया और बात चलती रही। आज जस्टिस नानावती की रिपोर्ट हमारे सामने है।

पहली टिप्पणी इस रिपोर्ट पर यह हो रही है कि वह पर्याप्त नहीं है। जैसे किसी वक्त पहले कहा था कि कोर्ट्स की कंटेम्प्ट हम कर सकते हैं, क्या आज हम फिर वही बात करना चाहते हैं कि अगर किसी भी जज का फैसला हमारे अनुकूल नहीं होगा तो हम उसे दुत्कार देंगे ? कहीं तो हमें उस बात पर सोचना होगा कि आगे वहां से कैसे बढ़ें? यहां ए.टी.आर. सरकार की आ गई। उसकी दस सिफारिशों में से दो बातें मैं कहना चाहता हूं। एक तो रिपोर्ट में ऑबजर्वेशन होता है- विचार, ऑबजर्वेशन एंड दि फाइंडिंग्स- दि रिकमेंडेशन- सिफारिश। सरकार को जब ए.टी.आर. देनी होती है तो वह विचारों पर नहीं जा सकती। सरकार को जो सिफारिशें होती हैं, उसमें से निकालकर एक-एक पर अपना मन बनाना होता है। समय लगता है एक-एक सिफारिश को देखने में लेकिन क्या हुआ रिकार्डेस पर ? क्या उसके हिसाब से परिणाम सामने आया ? आज जब हमारे सामने ए.टी.आर. है और उनकी जो दस सिफारिशें थीं, उसमें 9 को तो बिल्कुल कबूल किया गया है कि उसके मुताबिक कार्य करेंगे और एक में विचार दिये गये हैं। आप जानते हैं कि संभावनाओं का वहां जिक्र हुआ है, तो क्या कानून में संभावनाओं की बिना पर किसी को कैद हो सकती है? यह बात छोड़ दीजिए कि किसका नाम है ? कोई इंसान, क्या हिन्दुस्तान के एक भी नागरिक का यह अधिकार नहीं है कि अगर सरकार

उसके खिलाफ कोई केस दायर करना चाहे तो वह कचहरी में जाकर कह सकता है कि मेरे खिलाफ यह केस गलत दायर हो रहा है, मेरे खिलाफ इसमें कोई बयानात नहीं हैं, मेरे खिलाफ कोई इल्जाम सिद्ध नहीं होते - तो क्या सरकार यह अपने जिम्मे ले सकती है, अगर कल को कहा जाए कि सरकार ने झूठे लोगों के केस बना दिये - मैं यह बात फिर पूरी ईमानदारी और गंभीरता के साथ कहता हूं कि जो बात हुई है, उसे हम भुला नहीं सकते। वह कलंक कभी दूर नहीं हो सकता। मैं उन लोगों में नहीं हूं जो कहेगा कि 21 साल हो गये, इस बात को भूल जाइए। उस बात के लिए हमें हर वक्त पश्चाताप करते रहना होगा। वह पश्चाताप देश करता रहेगा लेकिन जो सरकार की जिम्मेदारियां थीं, मैंने उसी सन्दर्भ में राजीव गांधी जी का जिक्र किया था। उसके बाद हमारे पिछले वर्षों में...(व्यवधान) एक बात जब मैं यह कहता हूं कि हम भुला नहीं सकते, तो मैं साथ ही साथ यह भी कहता हूं कि हमें ऐसा भी नहीं करना चाहिए कि हम हर वक्त जख्मों पर मरहम लगाने की जगह जख्मों को कुरेदते रहें। जख्मों को कुरेदने का काम नहीं होना चाहिए। लेकिन मुझे अफसोस यही है कि जब भी मौका मिलता है, कोशिश यही होती है कि उन जख्मों पर फिर से नमक लगा दिया जाए।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nothing will go on record except the speech of Shri Bansal.

(Interruptions) ... *

श्री पवन कुमार बंसल : जो बातें 21 साल पहले हुईं, उनका फिर जिक्र करके लोगों के मन में हम फिर से वैसी भावना पैदा करना चाहते हैं[R10]।

मैं आपको कुछ लाइनें फिर पढ़कर सुना देना चाहता हूं जब आप कांग्रेस का जिक्र करते हैं। कांग्रेस ने कैसे सिख समुदाय को हमेशा अपना समझा है। ...(व्यवधान) मैं यहां कहना चाहता हूं कि जब हम सिख समुदाय के साथ अपनी पहचान करते हैं, अकाली दल के साथ पहचान नही करते, यह अधिकार लोगों ने भी अकाली दल को नही दिया कि वे अपने आप को सिखों के नुमाइन्दे कहलाएं। ...(व्यवधान) यही तो समस्या की जड़ है। जब कोई सामुदायिक पार्टी, ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : यह क्या बात है ? उनको भी बोलने का हक है।

...(व्यवधान)

श्री पवन कुमार बंसल : सर, मैं उस बात को भुला देना चाहता हूं।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : कोई बात अनपार्लियामेंट्री होने पर हम देखेंगे।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Bansal, you may please carry on.

---

* Not Recorded.

श्री पवन कुमार बंसल : लेकिन अगर कोई पार्टी अपना रोल ही सिर्फ उस तरह से अदा करे।...(व्यवधान) मैं किसी को उत्तेजित करने की कोई बात नहीं कहना चाहता। लेकिन जब बातें सामने आती हैं कि 1984 के बाद क्या हुआ था, एक हिन्दू फंडामेंटेलिज्म देश में उभरा - उसे हवा किन्होंने दी? ...(व्यवधान) उसके बाद उसका एक नया रूप किन्होंने देने की कोशिश की ?...(व्यवधान) उस वक्त के...(व्यवधान) आज तो शायद वे उनको न मानें, आज तो शायद वे उनके लिए वह पद न दें लेकिन उस वक्त the knight in shining Parivar Armour ...(व्यवधान) उन्होंने रथ यात्राओं के जरिये देश में क्या किया ? ...(व्यवधान) मैं इन बातों का जिक्र नहीं करना चाहता हूं।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: This is very unfair. I have been appealing to you all. The hon. Leaders agreed to it. If you interrupt him now, then when you will speak, they will interrupt you. We want to hear the Leader of the Opposition. The whole country wants to hear him. If you go on disturbing each other, then how are you going to benefit? There are very competent leaders and speakers, they, in their turns, would reply to all these points with all the force at their command. I am not stopping them. यह सही बात नहीं है। This is not fair.

... (*Interruptions*)

SHRI VIJAYENDRA PAL SINGH (BHILWARA): Sir, he is diverting the issue... (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Who are you to decide that?

Nothing will go on record.

(Interruptions) ... *

अध्यक्ष महोदय : ठीक है, आप बैठ जाइए। हम डिसाइड करेंगे। इस तरीके से बहस नही होती है। आपकी मनमानी नहीं होगी।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nothing, except the speech of Shri Pawan Kumar Bansal, will go on record.

(Interruptions) ... *

---

* Not Recorded.

श्री पवन कुमार बंसल : महोदय, मैं इन बातों का जिक्र नही करना चाहता लेकिन जब हमारी तरफ इल्जाम लगाये जा रहे हैं और उस वक्त...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : छोड़ दीजिए। आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

श्री पवन कुमार बंसल : मुझे सुनने में आ रहा है और एक-एक मुद्दे पर कहा जा रहा है कि मैं डिबेट को डाइवर्ट कर रहा हूं।…(व्यवधान) जब यहां बोलते हुए, उस वक्त जो मुद्दे थे, उनसे डाइवर्ट करके एक और तरफ ले जाने की बात हो रही थी, इसी कारण मुझे यह कहना पड़ रहा है। उसी सन्दर्भ में मैं कहना चाहता हूं कि 11 नवम्बर, 1998 को श्रीमती सोनिया गांधी को राट्रीय सिख परिद, नई दिल्ली ने बुलाया। वे लोग जिन्होंने बहुत कुछ सहा, वे महान लोग उसी बात में जकड़े नही रहना चाहते। वे यह भी चाहते हैं कि आप उनको इस बात पर बार-बार मत कुरेदते रहिए। उनके पास श्रीमती सोनिया गांधी गई। तब इन्होंने क्या बोला कि "गुरुओं ने सहनशीलता और करुणा की शिक्षा दी है। गुरु नानक,…"(व्यवधान) इस पर भी आपको एतराज है। …(व्यवधान) गुरु नानक जी और दूसरे गुरुओं ने सबको अपना बनाकर, सभी धर्मों को मानने वालों को मिल-जुलकर रहने और एक-दूसरे के धार्मिक विश्वासों का आदर करना सिखाया। हमारी शानदार अनेकता को मान्यता दिलाई। अपने 500 साल के इतिहास में…(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप बोलते रहिए। you address the Chair.

… (*Interruptions*)

श्री पवन कुमार बंसल : अपने 500 साल के इतिहास में सिखों ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं[R11]। …(व्यवधान)

उन्होंने कहा था -

> "शुरू में उन पर भयानक जुल्म हुए। आजादी के समय उन्होंने बंटवारे का कट सबसे अधिक झेला है, अभी कुछ समय पहले भी उन्हें हिंसा का आघात सहना पड़ा। वर्ा 1984 की दुखद घटना के बारे में मैं अपनी वेदना पहले भी चण्डीगढ़ में व्यक्त कर चुकी हूँ। मैं आपको विश्वास दिलाना चाहती हूँ कि जो कुछ मैंने पहले कहा था वह मेरे ह्रदय की भावना है और इस तरह की घटनाएं कभी नहीं होनी चाहिए।"

This is the acknowledgement that we have of the Sikh contribution. यह आपके साहस, दृढ़ता, सद्भावना और गहरी देशभक्ति के लिए तारीफ की बात है कि आप नफरत और कड़ुवाहट की भावना से ऊपर उठे। आज के भारत में आप एक ऐसे समुदाय के रूप में उभरे हैं जो आगे देखता है…(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Silence on all sides of the House please. I am appealing to you repeatedly and you have all agreed to be silent. Nothing is being recorded except the hon. Member who is speaking.

*(Interruptions) ... **

श्री पवन कुमार बंसल : श्रीमती सोनिया गांधी जी ने कहा था :

> "आप एक ऐसे समुदाय के रूप में उभरे हैं जो आगे देखता है और भविय पर भरोसा करता है। जहां तक मेरा सवाल है मैं अपने परिवार के रिश्ते बहादुर सिख बिरादरी के साथ पहले की तरह मजबूत करना चाहती हूँ।"…(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : यह क्या हो रहा है? आप बैठ जाइए। You are only disturbing the tempo of the debate.

… (*Interruptions*)

श्री पवन कुमार बंसल : उससे पहले 25 जनवरी, 1998 को श्रीमती सोनिया गांधी जी ने चंडीगढ़ में कहा था…(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप बैठ जाइए, यह व्यवहार आपको शोभा नहीं देता है। I will not allow this provocative talk. Please sit down.

… (*Interruptions*)

श्री पवन कुमार बंसल : मैं अपने अनुभव से …(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I have appealed again and again to be silent. I have allowed them. This is their first opportunity to speak. We have not gone to the Question Hour. Yesterday, the House could not function. Shri Bansal, please take your seat. Yesterday, because of the feelings that you had, we had to adjourn the House. Today, it was agreed that there will be a structured discussion. The country wants to know the views of different political parties. Unless there is a proper discussion, who will benefit? Ultimately, the image of the House suffers and the country does not get the benefit of the views of political parties. Therefore, I am appealing to all sections of the House that you can reply or respond to their points in your speeches.

---

* Not Recorded.

प्रो. महादेवराव शिवनकर (चिमूर) : अध्यक्ष महोदय…(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : प्रोफेसर साहब, आप सुनते नहीं हैं। यह बात ठीक नहीं है, आप बैठ जाइए। Do not give such examples to your students.

… (*Interruptions*)

श्री पवन कुमार बंसल : उन्होंने कहा था :

> "मैं अपने अनुभव से जानती हूँ कि कोई भी अल्फ़ाज इन घावों पर मरहम नहीं लगा सकते हैं, दूसरों की संवेदनाएं अक्सर खोखली लगती हैं। मेरा विश्वास है कि ऐसे हादसे कभी नहीं होने चाहिए थे। मैं जानती हूँ कि मेरे पति की भी यही भावना थी।" …(व्यवधान)

MR. SPEAKER: You are not doing justice to your cause also. Please sit down. I am appealing to you every minute not to do this.

… (*Interruptions*)

श्री पवन कुमार बंसल : श्रीमती सोनिया गांधी जी ने कहा था -

"6 जून, 1984 की घटनाओं ने सिख समुदाय को जो दुख पहुंचाया है, मुझे उसका पूरा एहसास है। इससे हमारे परिवार को गहरी वेदना पहुंची है।"
यह बात कही थी श्रीमती सोनिया गांधी जी ने। …(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Goyal, please sit down. Otherwise, I will get you out of the House.

… (*Interruptions*)

श्री पवन कुमार बंसल : मैंने कबूल किया है, माना है और कोई भी इससे इन्कार नहीं कर सकता है कि उस वक्त इन्सान हैवान बन गया था। यह बात रिपोर्ट में भी कही गयी है, जिसका आप जिक्र नहीं करना चाहते हैं, जो आपके द्वारा नियुक्त किए गए कमीशन द्वारा कही गइ है।[pkp12]

मेरे लिए बहुत कुछ कहना सम्भव नहीं होगा, लेकिन उसी रिपोर्ट में जिक्र किया गया है। इन्हीं बातों का उसमें जिक्र हुआ है। अब यह बात आपको कबूल करनी होगी कि हालात ऐसे चल रहे थे कि उससे श्रीमती गांधी की हत्या पर एक ऐसा माहौल देश में बन गया था…(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : श्रीमती इन्दिरा गांधी की हत्या के बाद कहें।

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL : I am sorry. … (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : यह सही बात नहीं है, जो आप ऐसा कर रहे हैं। यह कोई अच्छा टेस्ट नहीं है। यह शर्म की बात है कि गलती हो गई, तो उसका आप मजाक उड़ाएं। यह बहुत गलत बात है।

श्री पवन कुमार बंसल : यह रिपोर्ट में ही कहा गया है। यह रिपोर्ट की फाइंडिंग्स हैं कि श्रीमती इदिरा गांधी की हत्या से…(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : यह आपको शोभा नहीं देता है।

श्री पवन कुमार बंसल : " श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या से सम्बन्धित घटनाओं से पता चलता है कि ये अचानक घटित होने वाली घटनाएं नहीं थीं। 1981 से पंजाब की स्थिति उत्तरोत्तर बिगड़ती जा रही है। इस अवधि के दौरान राजनीतिक लाभ उठाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा चालें चलना और तनाव का फायदा उठाना "-इस कारण उन्होंने कहा है कि सिख समुदाय के खिलाफ अंदर ही अंदर आक्रोा पैदा हो गया था। क्या उस वक्त आपने यह कहा था, ढींढसा साहब, शायद उस वक्त आप यहां नहीं थे। आज वही लोग आपके साथी बने हुए हैं, उस दिन से बने हुए हैं। क्या किसी ने उस आक्रोा को खत्म करने के लिए कुछ किया या कहा था? " शायद कुछ व्यक्ति सिखों को सबक सिखाना चाहते थे। ऐसा प्रतीत होता है कि श्रीमती इंदिरा गांधी की उन्हीं के दो अंगरक्षकों द्वारा हत्या करने से आक्रोा भड़क गया और दिल्ली में सिखों के जान-माल पर भीाण आक्रमण किया गया। श्रीमती इंदिरा गांधी एक लोकप्रिय नेता थीं और वह भारत की प्रधान मंत्री थीं। अतः यह कोई अनोखी बात नहीं थी कि उन्हीं के दो अंगरक्षकों द्वारा उनकी हत्या करने की बात पता चलने पर लोगों ने आक्रोा जाहिर किया। '' उन्होंने जो आगे कहा है, वह भी मैं पढ़ सकता हूं, लेकिन लगता है कि मेरा ज्यादा देर खड़ा होना आपको तकलीफ दे रहा है। इसलिए मैं इतना कहना चाहता हूं कि उस वक्त के राट्रपति ज्ञानी जैल सिंह जी के काफिले पर भी हमला हुआ था। वह सिख थे। क्या वह हमला कांग्रेस पार्टी ने कराया था…(व्यवधान) उसमें यह कहा गया है। "पहले कहा गया कि कुछ नारे लगाए गए, लेकिन बाद में अफवाह फैलाई गई - उसके लिए एक इंट्रोस्पेक्शन करने की जरूरत है कि वह अफवाह फैलाने वाले कौन थे। अफवाह फैलाई गई कि शायद सिख समुदाय के लोग मिठाई बांट रहे हैं - इससे आक्रो भड़क गया। इस तरह की जो अफवाहें फैलाई गईं, उससे लोग सिख समुदाय के खिलाफ भड़क गए और उनसे बदला लेने के लिए उतावले हो गए…"(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप लोग चुप रहें, आपकी पार्टी के सदस्य बोल रहे हैं।

श्री पवन कुमार बंसल : उन्होंने कहा कि साक्ष्य यह दर्शाते हैं कि श्री राजीव गांधी ने दिल्ली में हो रही घटनाओं के प्रति गहरी चिंता दिखाई थी। उन्होंने शांति बनाए रखने के लिए, साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए एक अपील जाहिर की थी। दूरभाा संख्या 100 पर पुलिस से लोगों का सम्पर्क नहीं होने की शिकायतें मिलने के बाद, ऐसी शिकायतें उन्हें मिली थीं कि लोग पुलिस से सम्पर्क करना चाह रहे हैं, लेकिन वह नहीं हो पा रहा है, उन्होंने इन शिकायतों पर ध्यान देते हुए कुछ पुलिस अधिकारियों को बुला कर तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया था। जिससे जो भी पुलिस से सम्पर्क करना चाहे, वह कर सके। यहां तक कि उन्होंने 1.11.1984 को रात्रि में प्रभावित क्षेत्रों का दौरा भी किया था।

इसमें मैं बहुत कुछ और पढ़ना चाहता था, लेकिन समय की पाबंदी के कारण नहीं पढ़ना चाहता। लेकिन यह बात कही गई कि Congress was cussed, Congress was callous towards it. उस समय के गृह राज्य मंत्री जी का भी मेरे पास जवाब है। मेरे सामने हरिन पाठक जी बैठे हुए हैं। वह उस समय गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री थे। उनका जवाब भी मेरे पास है। मैं उस जवाब से बताना चाहता हूं कि उस वक्त जो हालात थे, मैं इस बात से एक्नॉलेज करना चाहूंगा कि कचहरियों का रोल क्या था। अगर उनके पास जो मामले गए, उन्होंने भी अपना रोल अदा किया था। क्या-क्या मुआवजा दिया गया, यह भी इसमें है। मैं मानता हूं, जब मैं मुआवजे की बात करता हूं कि इन्साफ के लिए मुआवजा हल नहीं होता। No amount of compensation can really compensate the person whose son or father or brother has been killed in the riots[r13].

12.00 hrs.

लेकिन जो हालात हैं, क्या आगे बढ़ने के लिए, उसके बाद उन पीड़ित परिवारों के बारे में सोचना है या नहीं। सरकार ने उनकी तकलीफों पर गौर किया या नहीं, यह देखने वाली बात है। अगर हम यही बात सोचते रहते कि उस हफ्ते के दौरान यह किया गया तो आगे हालात और बिगड़ते। उस वक्त सरकार के कठोर कदमों के कारण ही that madness ended there as Rajiv Gandhi then called it. लेकिन उसके बाद मुआवजा क्या दिया गया। मृत्यु के संबंध में साढ़े तीन लाख रुपये की दर से 2327 मामलों में मुआवजा 72 करोड़ 70 लाख के करीब दिया गया। मैं फिर कहता हूं कि मुझे गलत न समझा जाए कि किसी की क्षति को कोई पैसे से तोलना चाहता है, ऐसा बिल्कुल नहीं है। यह देखने वाली बात है कि सरकार अपनी जिम्मेदारी को निभाती रही या नहीं।

श्री हरिन पाठक (अहमदाबाद) : मेरा जवाब सिर्फ मुआवजे के बारे में था, सिख विरोधी दंगों को जस्टिफाई करने के बारे में नहीं था।

अध्यक्ष महोदय : आपको मौका दिया जाएगा।

श्री हरिन पाठक : सर, मेरा नाम लिया गया है।

MR. SPEAKER: Not now.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: You cannot interrupt him. I will give you an opportunity.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I will give you an opportunity, Mr. Harin Pathak.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: You name is there as one of the speakers.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Not to be recorded.

*(Interruptions) ... **

MR. SPEAKER: I will give you full opportunity.

… (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : आप बैठ जाइये। Silence please, silence.

… (*Interruptions*)

श्री पवन कुमार बंसल : इससे पहले कि मैं मुआवजे का जिक्र करुं …(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I will give you full opportunity.

श्री पवन कुमार बंसल : मैं उनको याद दिला दूं कि माननीय उप-प्रधान मंत्री जी से सवाल था और माननीय हरिन पाठक जी ने 4.3.2003 को एक मिनिस्टर की हैसियत से जवाब दिया था। …(व्यवधान)

MR. SPEAKER: As a Minister, he had said.

श्री पवन कुमार बंसल : सवाल था - " क्या यह सही है कि 1984 के दंगों में पकड़े गये लोगों को दोमुक्त किया गया है, यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और लम्बित मामलों का ब्यौरा क्या है"? यह सवाल था, मुआवजे का नहीं था। जवाब था कि " उन 373 मामलों की वर्तमान स्थिति जिनमें 1984 के दंगों के संबंध में आरोप-पत्र दायर किये गये थे, निम्न प्रकार हैं :-

---

* Not Recorded.

दोमुक्त 321, दो-संबंधी 29, बरी किये गये 8, रिकार्ड रुम के सुपुर्द किये गये 7, विचार के लिए लम्बित 8" ।

अगर यह इल्जाम लगाया जाता है कि कोर्ट ने सजा क्यों नहीं दी, तो मैं भी पूछ सकता हूं कि उन 6 वार्डों में कोर्ट ने सजा क्यों नहीं दी। लेकिन में यह नहीं कहना चाहता हूं क्योंकि कोर्ट का काम कोर्ट का है।

श्री हरिन पाठक : इससे क्या लेना-देना है।…(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Do not get diverted.

… (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : अगर स्पीकर की जरुरत नहीं है तो मैं चला जाता हूं, आप हाउस चलाइये। Kunwar Manvendra Singh, give up your bad habit.

श्री पवन कुमार बंसल : कोर्ट का काम कोर्ट का है और यही मैं दर्ख्वास्त करता हूं कि हम सभी को यह बात समझने की जरुरत है। मैं मुआवजे की बात कर रहा था। साढ़े तीन लाख रुपये की दर से बढ़ा हुआ मुआवजा 327 परिवारों को 72 करोड़ 70 लाख रुपये दिया गया, जिनकी हत्या हुई थी। चोटों के लिए मुआवजा, 263 लोगों को 54 लाख 62 हजार रुपये दिया गया। नट रिहायशी सम्पत्तियों के लिए 5 करोड़ 83 लाख रुपये मुआवजा दिया गया। औद्योगिक सम्पत्तियों सहित बीमित और अबीमित परिसरों का मुआवजा 4 करोड़ 77 लाख रुपये दिया गया। ऋण रहित स्कीम के तहत भी मुआवजा दिया गया।

मुझे अफसोस हुआ जब मैंने टी.वी पर देखा कि एक कॉलोनी का नाम विधवा कॉलोनी रखा गया है, लेकिन सरकार ने ऐसा नाम नहीं रखा हो सकता है। किसी ने उसे ऐसा कहना शुरु कर दिया होगा। सरकार ने उन्हें इकट्ठा जरुर किया था। कारण यह था that we form combines of those people who have been adversely affected by the riots. वे आपस में रह सकें, एक दूसरे को सहानुभूति दे सकें और आगे बढ़ सकें। लेकिन यह नहीं कि उनके लिए कुछ सोचा ही नहीं गया। सरकार की तरफ से और प्रांतों को भी हिदायतें दी गयीं कि उनकी जो भी जरुरतें हैं वे पूरी करनी चाहिएं[r14]।

[c15]

महोदय, मैं इससे ज्यादा आपका समय दूसरी बातों पर नहीं लेना चाहता हूं। मैं इस बात पर फिर से वापस आना चाहता हूं कि सरकार ने अपनी पहली एटीआर रिपोर्ट दी है। यह मामला वहीं खत्म नहीं हो जाता। सरकार की जिम्मेदारी बनी रहती है, एक-एक पग पर उसकी मानीटरिंग करनी होती है। सरकार इस चीज को महसूस करती है, आज इसकी प्राइममिनिस्टरशिप श्री मनमोहन सिंह जी कर रहे हैं। इस संबंध में माखौल के साथ बात की गई। क्या आप यह समझते हैं कि जब अटल बिहारी वाजपेयी जी प्रधानमंत्री थे, तो वे केवल हिंदुओं के लिए सोचते होंगे ? आप प्रधानमंत्री जी के लिए ऐसा क्यों सोचते हैं, जो कि खुद सिख समुदाय से हैं, जिसकी गिनती देश भर में अल्पसंख्यकों में है, वे कितने कम हैं लेकिन वे आज प्रधानमंत्री पद पर हैं। इस बात को सिखों ने महसूस किया था और देश भर के सिखों ने कहा था और गुरूद्वारों में जा-जाकर इनके लिए प्रार्थना की। इन्होंने कहा था कि वर्ा 1984 में जो हुआ, अब आगे देश में ऐसा नहीं होना चाहिए। क्या आप इसके लिए संकल्पित हैं? क्या आपने नहीं किया ...(व्यवधान) आपने आज फौजों का जिक्र किया ...(व्यवधान) मैं कहना चाहता हूं कि फौजों में सिख भाइयों ने बहुत बड़ा रोल अदा किया है...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Maneka ji, you are a responsible Member. Keep quiet, please. आप लोग शांत हो जाइए।

श्री पवन कुमार बंसल : जिस तरह का रोल आजादी की लड़ाई में सिख भाइयों ने अदा किया था, बाद में भी ऐसा ही करते रहे हैं। इसीलिए आज चीफ ऑफ द आर्मी स्टाफ कौन है? एक सिख समुदाय से है। मैं इस बात को नहीं कहना चाहता हूं, मैं इस बात का जिक्र भी नहीं करना चाहता हूं, इस कारण नहीं कि वे लोग सिख समुदाय से हैं, लेकिन सच यही है कि वे सिख समुदाय से हैं। डिप्टी चैयरमैन ऑफ द प्लानिंग कमीशन के पद पर भी यही स्थिति है, फिर आप किस बात के कारण ऐसा कह रहे हैं? स्वयं डिप्टी स्पीकर साहब जो हमारे सामने बैठे हुए हैं ...(व्यवधान) आप की पार्टी से ही ताल्लुक रखते हैं। इस सदन के सभी लोगों ने उनको बनाया है...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Badal, sit down, please. This will not be allowed. Nothing will be recorded.

*(Interruptions) ...**

---

*Not Recorded.

श्री पवन कुमार बंसल : इतने सारे लोग सिख समुदाय से ऊंचाइयों पर पहुंचे हैं। इसके बावजूद कहा जाता है कि इतने लोगों के साथ आपने ऐसा कर दिया। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि For God's sake, please do not bake your political cake on the funeral pyre of others. ... (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: You are going to speak. I will allow you to speak. Why are you interrupting now? If they interrupt you when you are speaking, would you like that?

श्री पवन कुमार बंसल : शायद हमारे उस तरफ के माननीय सदस्य नहीं जानते कि इन सब बातों के बावजूद पंजाब में कांग्रेस सत्ता में आयी, तो क्यों आई? न अकाली दल और न ही बीजेपी आई। वहों की जनता ने तो बीजेपी को निकाल दिया, बाहर कर दिया, उनको अपना अस्तित्व मालूम पड़ गया। लोगों को भड़काने की बहुत कोशिशें हुईं। उस वक्त शांति लाने के लिए राजीव लोंगोवाल एकार्ड किया था। आपने कहा था कि आप की सरकार में बहुत बड़ी तादाद में लोग आए थे। यह फैसला किनका था? राजीव गांधी ने कहा था कि "It is not essential as to who wins. What is important is that the flame of freedom should continue to remain alive in the country." जरूरत है कि वह ज्योति हर वक्त उज्ज्वल रहे, जिससे सभी लोगों को प्रोत्साहन मिले। आज इस पर चर्चा की गई, यह बहुत अच्छा हुआ कि आपने सरकार से इस विाय पर कहा। लेकिन आप इन दोनों बातों को कन्फ्यूज करके कहना चाहते हैं कि सिखों ने ये-ये किया। उनके साथ ज्यादती हुई। क्या आप यह नहीं सोचना चाहते कि क्यों पंजाब आज छोटा है? क्या कोई कह रहा था कि आप इतना छोटा पंजाब ले लें? पंजाबी लाहौल स्पीति तक पढ़ाई जा रही थी। आपने कहा था आपको जरूरत नहीं है कि पंजाबी पूरे देश में फैले। आपने कहा था कि आप हमें छोटी सी जगह दे दीजिए, जहां हम राज कर सकें।...(व्यवधान) लेकिन अगर लोग वहां पर आपको फिर से राज नहीं देना चाहते तो क्या वह हमारा गुनाह है? आपने जितना छोटा मांगा था, वह दिया...(व्यवधान) और अब वह पंजाब बना। शायद आप नहीं समझे थे कि क्या हुआ? आपने तो उस दिन दीवाली मनाई थी। अब आप आज कह रहे हैं कि एक छोटा सा पंजाब बना दिया, ऐसा सभी लोग बोलते हैं। उसको प्रांत भी नहीं समझते, ऐसा क्यों? आपने अभी पानी का जिक्र किया, मैं पंजाब से आया हूं, मैंने पंजाब की नुमाइंदगी पहले भी पार्लियामेंट में, राज्यसभा में की है। मैं हमेशा पंजाब की बात उठाता रहा हूं, आप रिकार्ड उठाकर देख लीजिए, चाहे पानी का मामला हो या कोई अन्य मसला हो, बेशक कोई कमेटी हो या कहीं और सभी जगह हमने यह मामला उठाया है। आप इसका जिक्र इस प्रकार से करते हैं और यह भूल जाना चाहते हैं कि हिन्दुस्तान का कोई संविधान है। अगर कोई मसला अंतर-प्रांतीय होता है, तो वह संविधान के तहत हमें हल करना होता है। इसके लिए हमारी जुडीशियरी है, वहां यह पानी का मसला गया हुआ है। आपने उसको कन्फ्यूज करते हुए अतीत का जिक्र करते हुए कहा कि सिखों के साथ ज्यादती हुई। ऐसा हरगिज नहीं है, मैं कहना चाहता हूं कि कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी[pkp16]।

कांग्रेस ऐसा होने नहीं देती है। हां, दंगे हुए, सभी के लिए शर्मजनक बात है। सभी के लिए सोचने की बात है कि दंगा कहीं भी हो, दंगा है। कोई भी मासूम इन्सान उसमें मरता है, उसका खून बहता है तो वह सभी के लिए चिंता की बात है। हमें अभी भी इस बात की जरूरत है, मैं अभी भी इस बात को कहता हूं, खत्म करने की बात नहीं कहता, अभी भी सरकार को लगे रहने की जरूरत है कि कहीं किसी के खिलाफ सबूत मिलते हैं तो वह कचहरी में जाए और कार्रवाई करे। संभावनाओं को देखते हुए, ऑन दी बेसिस ऑफ प्रॉबेबिल्टिज, अगर सरकार ने कह दिया कि इसमें यह मुश्किल है, आप उसे इतना बड़ा इशू बना देंगे, उस पर इतनी बड़ी एनालिसिज कर देंगे कि इस कारण सरकार ये सब करती है। जैसा मैंने शुरू में कहा कि हमें ऐसा नहीं सोचना चाहिए। यह सिर्फ राजनीति के अलावा और किसी बात से प्रेरित नहीं है। ऐसे मसले दूर करने की जरूरत है। इस सदन में श्री अटल बिहारी वाजपेयी और श्री लाल कृण आडवाणी जैसे महान लीडर्स है. मैं विश्वास करता हूं कि वे उन पर कुछ इस तरह का नियंत्रण रखेंगे। देश में बहुत हो गया, 1984 के बाद भी बहुत दंगे हो गए लेकिन बाहर के लोग मानते हैं कि इतना बड़ा देश, जहां 108 करोड़ लोग हैं, ऐसा होने के बाद भी एक फंक्शनल डैमोक्रेसी में चलते हैं। आज फिर लोग यह विचार बना रहे है। मैं इस कारण कहता हूं कि बार-बार पिछला जिक्र न करें ताकि उन लोगों के जख्मों में समय के साथ जो मरहम लगी है, वह फिर कुरेंदे न जांए। यह बात सोचने की जरूरत है ताकि देश दुनिया में आगे बढ़ता रहे जैसे इस वक्त यूपीए की सरकार के तहत बढ़ रहा है।

श्री सुखदेव सिंह ढींडसा : मैं एक मिनट के लिए एक्सप्लनेशन देना चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदयः आपको लास्ट में मिनिस्टर साहब के रिप्लाई के बाद बोलने का मौका मिलेगा।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Dhindsa, you can reply later.

... (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदयः कुछ रिकॉर्ड नहीं होगा।

*(Interruptions) ... **

MR. SPEAKER: Nothing will be recorded except what I permit. What I do not permit will not be recorded. Only Shri L.K. Advani's speech will be recorded.

*(Interruptions) ...**

---

* Not Recorded.

श्री लाल कृण आडवाणी (गांधीनगर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे वरिठ सहयोगी श्री वाजपेयी जी इस बहस में इंटरवीन करेंगे। इसीलिए आज प्रातःकाल तक मेरा विचार नहीं था कि मैं बोलूं। मैंने ढीडसा जी की बात को सुना। उन्होंने कुल मिला कर देश के लिए सिखों ने किस प्रकार का योगदान दिया है, इसका विस्तार से उल्लेख करके इस बहस के महत्व को और बढ़ा दिया।

अभी-अभी बंसल जी बोल रहे थे। बंसल जी ने कहा कि हम नानावती कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर बहस करें तो ज्यादा उपयुक्त होगा। मैं इस बात से सहमत हूं और इसीलिए मैं उनकी इस बात से पूरी तरह सहमत हूं कि इसे रॉयट कहना शायद उपयुक्त शब्द नहीं है। साधारणतः रॉयट्स होते हैं जैसे हिन्दू मुसलमान रॉयट्स हुए। शींक में एंटी सिख रॉयट शब्द का प्रयोग किया। (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदयः यही तो मुसीबत है। आप टोका-टाकी न करें।

…(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I will not allow this. This will not be recorded.

*(Interruptions) ...**

MR. SPEAKER: You can speak when your turn comes. This is not being recorded.

*(Interruptions) ... **

MR. SPEAKER: Will you sit down? Take your seat, please. When I am on my legs, you have to sit down.

… (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदयः आप पहले बैठिए । फिर बात करेंगे।

…(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदयः आपको बोलने का मौका मिलेगा। आपकी पार्टी से कोई दूसरा सदस्य भााण देने वाला है। जो बात कहनी है, आप उन्हें बता दीजिए।

…(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Restrain yourselves, please.

श्री लाल कृण आडवाणी : इसमें स्वयं नानावती कमीशन ने कहा है कि इनका प्रारम्भ इस कारण हुआ कि देश की प्रधान मंत्री …(व्यवधान) बहुत रिसपैक्टिड लीडर थी, उनकी हत्या हो गई इसके कारण उसका एक रिएक्शन हुआ।…(व्यवÉvÉÉxÉ[R17])

---

* Not Recorded.

MR. SPEAKER: Who is doing that? If you have the courage, stand up. Stand up, let me see.

श्री लाल कृण आडवाणी :अध्यक्ष महोदय, पृठ 180 पर…(व्यवधान)

MR. SPEAKER: It would be applicable to all sides and not one side.

श्री लाल कृण आडवाणी : अध्यक्ष महोदय, पेज 180 पर नानावती कमीशन ने कहा है :

> "The cause for the events which had happened on 31-10-84 can be stated to be the spontaneous reaction and anger of the public because their popular leader and the Prime Minister of the Country was killed. "

सही बात है। फिर उसने कहा है कि :

> "The cause for the attacks on Sikhs from 1-11-84 has not remained the same. "

जो पहले दिन की प्रतिक्रिया थी वह तो स्पानटेनियस थी। उसका उल्लेख भी है लेकिन उसके बाद स्थिति बदल गई।

> "Taking advantage of the anger of the public, other forces had moved in to exploit the situation. Large number of affidavits indicate that local Congress (I) leaders and workers had either incited or helped the mobs in attacking the Sikhs. "

मैं इसका उल्लेख इसलिए कर रहा हूं क्योंकि यहां पर जो बातें 1984 के संदर्भ में कही जा रही हैं, वह पॉलिटिकल मोटिव से नहीं कही जा रही हैं यह नानावती कमीशन की रिपोर्ट है। इतना ही नहीं, कहा है :

> "But for the backing and help of influential and resourceful persons, killing of Sikhs so swiftly and in large numbers could not have happened. "

इतना ही नहीं, आगे कहा है :

> "The attacks were made in a systematic manner and without much fear of the Police; almost suggesting that they were assured that they would not be harmed while committing those acts and even thereafter. Male members of the Sikh community were taken out of their houses. They were beaten first and then burnt alive in a systematic manner. In some cases, tyres were put around their necks and then they were set on fire by pouring kerosene or petrol over them. In some cases, white inflammable powder was thrown on them which immediately caught fire thereafter. This was a common pattern which was followed by the big mobs which had played havoc in certain areas. The shops were identified, looted and then burnt."

This is the Nanavati Commission Report:

> "Thus what had initially started, as an angry outburst became an organised carnage. "

MR. SPEAKER: Advani Ji, can I have the page number?

SHRI L.K. ADVANI : This is page no. 180.

MR. SPEAKER: Yes, you may go on.

SHRI L.K. ADVANI : On page no. 181, he goes on to say:

> "There is enough material on record to show that at many places the Police had taken away their arms – meaning the arms of the Sikhs – or other articles with which they could have defended themselves against the attacks by mobs. After they were persuaded to go inside their houses on assurances that they would be well-protected, attacks on them had started. All this could not have happened if it was merely a spontaneous reaction of the angry public."

This is on page 181. अध्यक्ष जी, यह रिपोर्ट रखी गई, एक्शन टेकन रिपोर्ट रखी गई, उसी दिन सब लोगों की रिएक्शन्स हुई कि इनमें जिन लोगों के नाम हैं, कांग्रेस के नेताओं और एक मंत्री का, उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है या उनको सरकार क्यों बचाने की कोशिश कर रही है? लेकिन मैंने सब कुछ पढ़ने के बाद देखा कि इसमें अगर किसी के खिलाफ कार्रवाई पहले की गई है तो वह हैं दिल्ली के लैफ्टिनैंट गवर्नर, जो लैफ्टिनैंट गवर्नर उस समय थे। यह घटना है श्रीमती गांधी जी की हत्या की जो 31 अक्तूबर को हुई। इसमें लैफ्टिनैंट गवर्नर श्री गवई के बारे में कहा है, कमीशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि

> "So far as the Lieutenant Governor Shri P.G. Gavai is concerned, it has to be stated that the explanation given by him is not satisfactory and does not convince the Commission in recording the finding that there was no lapse at his level. Though he does not appear to have delayed taking of required

actions, it does appear to the Commission that he did not give as much importance to the law and order situation in Delhi as the situation demanded. [bts18]"

सरकार का ATR पर कमेंट है:

"The Government had taken immediate administrative action. Shri Gavai was replaced by Shri M.M.K. Wali as Lieutenant-Governor of Delhi on 4th November, 1984."

31 अक्तूबर से 4 नवम्बर तक के चार दिनों में तत्कालीन उप-राज्यपाल को हटाया गया और उस की जगह श्री वली को उप-राज्यपाल बनाया गया। मुझे तो इस बात पर आश्चर्य हुआ कि जितने भी केसेज़ थे, सरकार ने उन में किसी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। एक स्थान पर कहा गया है कि हम एग्ज़ामिन करेंगे। हां, एक केस ऐसा है जिसमें कार्यवाही की गई और उसी समय की गई। अध्यक्ष जी, फिर भी यदि आप नानावती रिपोर्ट देखेंगे,उसमें श्री गवई के बारे में क्या लिखा है और मुझे लगता है कि आप नोट कर रहे हैं, इसलिये मैं आपका ध्यान उस ओर दिलाना चाहूंगा। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I just wanted to listen. I am not noting.

श्री लाल कृण आडवाणी : अध्यक्ष जी, नानावती कमीशन की रिपोर्ट में श्री गवई के बारे में पेज 171 से लेकर 173 तक लिखा हुआ है।

MR. SPEAKER: I only wanted to follow you properly.

श्री लाल कृण आडवाणी : अध्यक्ष जी, यह सारा पढ़ने लायक है। मैंने पूरा पढ़ा है। मैं सदन के सामने सारी रिपोर्ट तो नही पढ़ूंगा लेकिन पैराग्राफ 172 जरूर पढ़ूंगा जिसमें लिखा है :

"On the 2nd of November, he – the Lieutenant Governor – issued a piece of appeal in the morning and then went on a tour of the affected areas like Trilok Puri, Nand Nagari, Mongol Puri and Shahdara. He was accompanied by Shri H.K.L. Bhagat. He toured the affected areas for about two-and-a-half hours and gave certain spot instructions. He also spoke to General Vaidya about some sluggishness of the armed forces. "

चूंकि वहां पहले ही होम सैक्रेटरी और दूसरे लोगों ने कहा है कि आर्मी बुलानी चाहिये लेकिन वह नहीं आई। अगर आई तो कोई एक्शन नहीं ले रही थी। इसलिये उस समय जनरल वैद्य से बात की थी।

"while he was still in the midst of his tour, he got a message to reach the Prime Minister's House. There, besides the Prime Minister, Shri Jagdish Tytler and Shri Dharamdas Shastri were present. On his suggestion, the Prime Minister requested the others to go out, and then he had a talk with the Prime Minister for about 20 minutes. He was given a hint that he was no more required to function as a Lieutenant Governor. In spite of that, after returning home, he arranged a meeting of the political parties. While the meeting was going on, he received a telephone call from Dr. P.C. Alexander asking him to go on leave. He was also told that he would be offered the post of Chairman of the Union Public Service Commission on resumption."

... (*Interruptions*) "He told Dr. Alexander that a Lieutenant Governor in this situation would not go on leave; either he functions or he resigns. On 3.11.84, he left Delhi."

Now, having read this and then yesterday I saw a statement by Mr. Padmakar Gavai in the DNA, a daily of Bombay, and I was surprised because the headlines said:

"Had I spilled the beans at that time, ...*

I would read out to you another portion of this statement. I am not going to read out the whole. He says:

"The Government of the day had a strategy to delay and prolong the decision deliberately and frustrate my action."

... (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: In that form, it is not admissible.

SHRI L.K. ADVANI : Sir, it is serious. ... (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Of course, it is serious. But in that form, it is not admissible.

SHRI L.K. ADVANI : Because it is serious, I did not rely on the paper itself. I phoned up.... (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I have intervened. I have said that it cannot go on. I have already said it.

SHRI L.K. ADVANI : Therefore, I first found out his number as to where he is. I was told that he is in Nagpur; he lives in Nagpur. I telephoned him; I rang him up[c19].

---

* Not Recorded.

I said that this has been published in a Bombay newspaper yesterday in your name and I want to verify.

MR. SPEAKER: No, that cannot go.

SHRI L.K. ADVANI : He said, "I stand by every word of what I have said."

MR. SPEAKER: Anyway, you have made a comment on that. It cannot be going as a statement because there is nobody to support.

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL : Had he appeared before the Commission? Did that gentleman appear before the Commission?

SHRI L.K. ADVANI : I telephoned him.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Mr. Harin Pathak, allow me to conduct the House. Every second you are dictating me.

SHRI L.K. ADVANI : I am not relying only on the newspaper report. Therefore, he is the only person.… (*Interruptions*)

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : सर, टी.वी. पर उनका पूरा का पूरा स्टेटमैन्ट लाइव आया है।…(व्यवधान) He made a statement.

MR. SPEAKER: That does not make it admissible. Any statement made on the TV does not become admissible here. I have not interrupted him.

THE MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI): He is speaking on the Adjournment Motion. We are discussing the Report. Whomsoever were invited by the Commission to give the affidavits, their affidavits were recorded. Beyond that, any private statement cannot be a part of the discussion on the Adjournment Motion. … (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: No, I have allowed him. Let me give my ruling.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : बंसल जी ने सोनिया गांधी जी का अखबार का पूरा वक्तव्य क्यों पढ़ा…(व्यवधान) सोनिया जी का अखबार का पूरा वक्तव्य पढ़ सकते हैं तो इनका क्यों नहीं पढ़ सकते?…(व्यवधान)
Why did you read the whole statement? … (*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI: What are you talking. … (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: She is present in the House. Do not forget that. But here that cannot be allowed. When you are reading through a report, I never interrupted. Whoever has said, whatever was said anywhere in the world cannot be repeated here.

SHRI L.K. ADVANI : He is not 'whoever'.

MR. SPEAKER: You generally indicate what is the nature. Do not quote his statement and all that.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I have already said. Why are you doing this?

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Mr. Gawai has given any evidence.

… (*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI: Sir, I will seek your indulgence for half a minute. Whatever observation he is making on Mr. Gawai has been contradicted at page 171 by Mr. Alexander. He is a Member of the other House. It has been contradicted at page 171.

MR. SPEAKER: All right, your Member will reply to that.

MAJ. GEN. (RETD.) B. C. KHANDURI (GARHWAL): Sir,that should not be recorded. He is not here. … (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I have been requesting everybody not to act as super Speaker.

SHRI L.K. ADVANI : Earlier on two issues, both the Mishra Commission and the Nanavati Commission have agreed namely that there was delay in calling the Army. On this, both have agreed. This particular matter is mentioned because Lieutenant Governor at that time in-charge of law and order in Delhi was Mr. Gawai. He says that the delay was deliberate in order to execute a sinister plot and the Commission also finds that it was not carnage which was spontaneous, but it was an organised carnage. Therefore, it is the duty of the Government to find out who organised it. This is what we demand. Today I have been happy to hear what the Home Minister said yesterday that this ATR is not final; we will continue to examine; and we will continue to follow it. This House is interested in knowing who organised this carnage. Those who participated in it have been named.… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I will take action.

SHRI L.K. ADVANI : But, as it has been said that the police functioned in a certain manner, which could not have happened, had it not been instruction from the top. Who gave this instruction? It is because in this even the Home Minister is named. Even others are named. I do not want to name it but certainly I want to know this. The Prime Minister at that time was not part of the political set-up. I believe that in these matters the attitude of the political set-up is most crucial. Therefore, I would appeal to him to find out who organised this carnage. That is all. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please do not make this type of running commentary.

मोहम्मद सलीम (कलकत्ता-उत्तर पूर्व) : "जब से जलते हुए घर देखे हैं इन आंखों ने,

रोशनी मुझको चिरागों की बुरी लगती है।"

अध्यक्ष महोदय, चर्चा नानावती कमीशन की रिपोर्ट और उस पर दी हुई सरकार की ए.टी.आर. के ऊपर चल रही है। बहस थोड़ा आगे बढ़ी है। चूंकि मामला बहुत पुराना और महत्वपूर्ण है। इसके साथ और भी बहुत से मामले जुड़े हुए हैं। इसी वजह से हमारे पूर्ववर्ती वक्ताओं ने धर्म, दर्शन, समाज, इतिहास तथा अन्य तमाम बातों को भी इसके साथ जोड़ दिया cè[R20]।

मैं उन बातों के विस्तार में नहीं जाऊंगा लेकिन मैं अपने को उनसे संबद्ध करता हूं। जैसे ढींडसा जी ने बताया, जहां तक सिख समुदाय की बात है, इस देश की आज़ादी की लड़ाई में उनका योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। हमारी पार्टी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और वाम मोर्चा के लोग उस गौरवपूर्ण इतिहास के हिस्सेदार हैं। इसी वजह से क्षेत्र का इसमें कोई अंतर नहीं आता। मैं बंगाल से आता हूं। इस देश में चाहे सैल्यूलर जेल के पिलर्स पर जाकर देखें या मुहाफिज़खाने में देख लें, अफसोस तो यह है कि बंगाल और पंजाब ने जिस तरह से आज़ादी के लिए अपना खून बहाया और फसाद का शिकार हुए, 1947 में बंगाल और पंजाब का बंटवारा हुआ, हम तभी से समस्याओं से जूझ रहे हैं। जहां तक 1984 का मामला है, आडवाणी जी सदन में रहते तो अच्छा होता। वे हमसे पूर्व बोले हैं, इसलिए मैं उनकी बात से ही शुरू करता हूं। उनको आपत्ति है कि 'एंटी सिख रायट्स' क्यों कहा गया। उन्होंने मिसाल के तौर पर कहा कि अक्सर इस देश में हिन्दू-मुसलमान रायट्स होते हैं। जब आर्गनाइज्ड कार्नेज होती हैं और एक समुदाय को दबाया जाता है और उस पर हमले किये जाते हैं और आडवाणी जी ने आखिरी पैरा में बड़ी अच्छी बात कही, वे बड़े अनुभवी नेता हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि सिर्फ 84 के रायट्स को हटाकर गुजरात लगा दिया जाए तो भी उनकी तमाम बात सच है। लेकिन वह उस पर नहीं बोलेंगे। इस देश में अल्पसंख्यकों पर जितने हमले हुए, अफसोस यह है कि हम इस देश की धर्मनिरपेक्षता पर गौरव करते हैं लेकिन बारी-बारी कभी सिख, कभी क्रिश्चियन, कभी मुसलमान, इस तरह से इनको टार्गेट करके …(व्यवधान) क्या आप सिखाएंगे मुझे क्या बोलना चाहिए? …(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप चुप करके बैठिये। Do not record anything.

*(Interruptions) ... **

अध्यक्ष महोदय : आप बैठ जाइए। You go on speaking. Nothing else will be recorded.

*(Interruptions) ... **

---

* Not Recorded.

अध्यक्ष महोदय : आप लोग बैठ जाइए। I would not allow this. I would not allow anybody to interrupt.

… (*Interruptions*)

SHRI KHARABELA SWAIN (BALASORE): The word 'pogrom' is unparliamentary.… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: That is not unparliamentary.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: It is not at your sweet will.

… (*Interruptions*)

MD. SALIM : I have spoken the word from the Report.… (*Interruptions*) The word 'pogrom' is in the Report.… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Mr. Salim, you address the Chair.

… (*Interruptions*)

मोहम्मद सलीम : मैं मानता हूँ कि 1984 में दो समुदायों के बीच में दंगे नहीं हुए।

…(व्यवधान) इसमें क्या आपत्ति हो सकती है? आडवाणी जी होम मिनिस्टर थे। जब नानावती कमीशन बना, उसकी टर्म्स ऑफ रैफरेन्स में तो रायट्स बताया है । लोग जो कुछ करते हैं, बाद में भूलते क्यों हैं यह मेरी परेशानी है। कवर पेज में आने से अलग है और अंदर आने से अलग बात है। It was not riot. Shall I read the terms of reference from (a) to (f)?… (*Interruptions*) 2000 में ये बनाए गए। ऐसे गंभीर मामलों को उस वक्त भी गंभीरता से लेना चाहिए था, अचानक किसी फौरी फायदे के लिए नहीं। लोगों के खून, लोगों की लाशें, मासूमों पर जुल्म, और उसके ऊपर सियासत करने से हमारी पार्टी सख्त नफरत करती है। …(व्यवधान) आपको क्या दिक्कत है? खून के ऊपर और लाशों के ऊपर राजनीति करने पर हमें आपत्ति है। क्या आपको आपत्ति नहीं है? …(व्यवधान)

MR. SPEAKER: You address the Chair.

… (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : क्या हो रहा है आपको?

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I request for silence from all sides.

... (*Interruptions*)

मोहम्मद सलीम : आडवाणी जी ने जो 179 और 180 पेज पढ़े, वे सही पढ़े। मैं पूरा नहीं पढ़ूंगा, सैलेक्टिव बातें पढ़ कर सुनाई हैं उन्होंने ।

अध्यक्ष महोदय, आप रिकार्ड देखेंगे तो आपको हैरत होगी। श्री आडवाणी जी ने जहां से शुरू किया, उससे ऊपर की एक लाइन उन्होंने नहीं पढ़ी। जहां से उन्होंने पढ़ना शुरू किया, 180 पेज पर उन्होंने कोट किया, मैं उसे रिपीट नहीं कर रहा हूं लेकिन पेज 180 से पहले इंट्रोडक्शन पढा जाना चाहिए था। इंट्रोडक्शन पार्ट वन में है -

> "Considering the manner in which the violent attacks were made, it was felt that probably the attacks on Sikhs were organised by the Congressmen or their supporters or by some other organisations or associations."

यह other ogainisationor association कौन थे। जांच होनी चाहिये थी। ऐसा नानवटी रिपोर्ट में कहा है। मैं रिपोर्ट को ज्यादा महत्व नहीं देता हूं। अगर मैं रेफरेंस पढ़ूं तो 21 साल से जो लोग न्याय का इंतजार कर रहे थे, जिन पर जुल्म किए गए थे, उनके साथ इस कमीशन ने जस्टिस नहीं किया। इक्कीस साल के लम्बे समय के बाद भी किसी को इंसाफ नहीं मिला। उस समय जो बच्चे थे, आज वह नौजवान हो गए हैं और आज की अखबार में आया है कि 21 साल का एक अनाथ नौजवान मुल्क छोड़ कर बाहर जाना चाहता है। यह हमारे लिए शर्मनाक बात है। पीड़ित लोगों को न्याय मिलना चाहिए।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please address the Chair; do not get diverted.

... (*Interruptions*)

मोहम्मद सलीम : महोदय, इंट्रोडक्शन में कहा गया, पृठ संख्या 180 के बारे में आडवाणी जी ने सब कुछ पढ़ा, लेकिन एक लाइन ऊपर की नहीं पढ़ी, वह मैं पढ़ रहा हूं -

> "There is also evidence on record to show that on 31.10.84, either meetings were held or the persons who could organise attacks were contacted and were given instructions to kill Sikhs and loot their houses and shops."

श्री पवन कुमार बंसल जी ने भी कोट किया था और मैं भी कोट कर रहा हूं। सन् 1981 से ही इस मुल्क में हिन्दू और सिख समुदाय को दो अलग-अलग धाराओं में धकेला जा रहा था। नानावटी कमीशन की रिपोर्ट से मैं कोट कर सकता हूं। श्री आडवाणी जी ने सिर्फ सिलेक्टिव पार्ट ही पढ़ा है। फिर दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि ऐसे कौन से लोग हैं, जो अदर आर्गेनाइजेशंस, हर रविवार को रिहर्सल करते हैं, जो दिल्ली शहर में रेडीमेट मिल जाती हैं। यह मामला राट्रीय मामला है। दंगे-फसाद करवाने के लिए ये आर्गेनाइजेशंस रेडीमेड मिल जाती हैं। लोगों की तोहमत आपके ऊपर है और आपको इसे गंभीरता से लेना चाहिए। सन् 1984 में जो कुछ हुआ वह सिर्फ सिखों का मामला नहीं था। गुजरात में जो कुछ हुआ वह केवल मुसलमानों का मामला नहीं है, जो भी जमहूरियत को मानते हैं, इंसानियत को मानते हैं, अमन चाहते हैं, इन सब बातों से उन सबका सिर शर्म से झुक जाता है। गुरू नानक जी, बाबा फरीद बुल्ले शाह और जो अन्य संत हैं, उनको मैं याद करता हूं। मैं बातों को बढ़ा नहीं रहा हूं, मैं यह कहना चाहता हूं कि श्री ढींडसा जी ने जो कहा, उसे मैं भी मानता हूं कि कोई एक व्यक्ति प्रधानमंत्री का कत्ल कर दे, लेकिन जो कातिल है, जो हमलावर है उसे पूरे समुदाय से संबद्ध करके, पूरे समुदाय को दोाी मानना कहां का न्याय है। यह एक मूलभूत बात है चाहे अमरीका में हो, चाहे लंदन में हो, चाहे अयोध्या में हो या दिल्ली में हो यह एक मानसिकता है और यह बिगड़ी मानसिकता है और लोग इस मानसिकता को हालात बिगाड़ने के लिए इस्तेमाल करते हैं[i21]।

अध्यक्ष महोदय, हम संसद में चार्जशीट फ्रेम नहीं करेंगे। हम संसद में इसलिए बहस नहीं कर रहे हैं कि किसी को हमें फांसी लगानी है, लेकिन लोकतंत्र किस रास्ते पर चलेगा, हमारे देश की क्या परम्परा बनेगी, सरकार की दिशा कौन सी होगी, हमारी धर्मनिर्पेक्षता की जो नीति है, वह किस तरह से ऊपर उठेगी, पूरे विश्व के सामने, कम्युनिटी ऑफ नेशन्स के सामने, हम अपना चेहरा, अपना मुंह किस तरह से दिखाएंगे, वह सबसे बड़ी बात होती है। प्रधान मंत्री जी, ऐसा कुछ नहीं हो कि आपको श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की तरह कहना पड़े कि हम मुंह दिखाने लायक नहीं हैं। इसलिए हम संसद में बहस करते हैं। हमारा उद्देश्य स्पट है। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Md. Salim, do not get diverted. Please address the Chair.

... (*Interruptions*)

मोहम्मद सलीम : अध्यक्ष महोदय, मैं डायवर्ट होने वालों में से नहीं हूं। मैं डायवर्ट नहीं होता। पहली बात यह है कि politics of hatred and politics of intolerance है, जिससे ऐसी स्थिति बन सकती है। माहौल ऐसा कैसे बनता है, उसे हमें ध्यान में रखना चाहिए। जब रेडियो से एनाउंसमेंट होता है कि श्री सतवन्त सिंह और श्री बेअन्त सिंह, दो सिख यूथ ने हमला कर दिया, तो यह एक्शन यही दर्शाता है कि माहौल बनाया गया, उसके बाद जो हुआ, उसकी तो मीडिया रिपोर्ट्स हैं, कमीशन की रिपोर्ट्स हैं। एंटी सोश्यल एलीमेंट्स, जो आग लगा सकते हैं, जो आगजनी कर सकते हैं, ऐसे ऑर्गेनाइज्ड गैंगस्टर, जो एक समुदाय को दूसरे के खिलाफ भड़काने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं, जो सिखों को सबक सिखाने के लिए तैयार हो रहे थे, जो यह सोचते हैं कि इस देश में अल्पसंख्यक क्यों हैं, वे सब लोग ऐसै मौके का फायदा उठाते हैं।

महोदय, दिल्ली शहर में जो लोग उस वक्त थे, उन्होंने देखा और बाद में अखबारों और टेलीविजन में अब यह बात आई कि ऐसा हुआ, लेकिन आगे ऐसा नहीं हो, इसलिए जो कोई भी कसूरवार हैं, उन्हें सजा देने का पूरा प्रबन्ध होना चाहिए, पूरा बन्दोबस्त होना चाहिए। तभी हम अपने संविधान के बारे में, अपने कानून के बारे में, अपनी व्यवस्था के बारे में, अपने इंस्टीट्यूशन्स के बारे में गर्व कर सकते हैं। स्टिकर लगा देने से, गर्व से कहो हम ये हैं, गर्व से कहो हम वे हैं, उससे गर्व नहीं होता है। गर्व इससे होता है कि हमारे यहां कानून का शासन है और सबके लिए समान है, डबल यार्डस्टिक नहीं हैं। मंत्री के लिए कुछ, साधारण नागरिक के लिए कुछ, अपने लिए कुछ, दूसरों के लिए कुछ, दिल्ली के लिए कुछ और गुजरात के लिए कुछ, ऐसा नहीं है, तभी हम गर्व कर सकते हैं। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: What is this?

... (*Interruptions*)

मोहम्मद सलीम : अध्यक्ष महोदय, यह सब मैं यहां से कोट कर सकता हूं। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : ठीक है। आप आगे बोलिए।

मोहम्मद सलीम : यही वजह है कि हमें सीधा संदेश देना पड़ेगा। मैं अपनी पार्टी की ओर से भी जिम्मेदारी के साथ कह सकता हूं कि एक समुदाय को डॉमिनेट कर के, उसके खिलाफ नफरत पैदा कर के, उसके मासूम बच्चों को जलाकर, उसकी महिला के साथ बलात्कार कर के, उसका कत्ल कर के, जैसा हमने 1984 में दिल्ली में देखा, ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : यह क्या है। आप लोग क्यों शोर कर रहे हैं।

मोहम्मद सलीम : मैं कश्मीर से कन्याकुमारी तक की बात कह रहा हूं। हमारा मुल्क बहुत बड़ा है। आपके लिए छोटा हो सकता है। ...(व्यवधान) कच्छ से लेकर कोहिमा और कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, मैं सभी जगह की बात कह रहा हूं। आपको क्या आपत्ति है। मैं इतना दावे से कह सकता हूं क्योंकि मैं कलकत्ता शहर और पश्चिम बंगाल से प्रतिनिधित्व करता हूं, ऐसे एलीमेंट्स, अगर आप कांग्रेसमैन को जिम्मेदार ठहराएंगे, तो क्या कलकत्ता शहर में कांग्रेसमैन नहीं थे, क्या कलकत्ते में हमला करने की साजिश नहीं हुई, लेकिन उस समय वहां वामपंथ की हुकूमत थी, वहां श्री ज्योति बसु की सरकार थी और हमारे जैसे कार्यकर्ता थे, इसलिए दंगे नहीं हुए। वहां वे कार्यकर्ता नहीं थे जो लठैत बनते हैं, जो आग लगाते हैं, जो कैरोसिन तेल, पेट्रोल और डीजल साथ लेकर चलते हैं, जिन्हें ट्रेनिंग दी जाती है कि किस तरह से जलाया जाता है। ऐसे कार्यकर्ता कलकत्ते में नहीं मिले, इसलिए कलकत्ता नहीं जला और दिल्ली जल गई। ...(व्यवधान) इसमें आपको क्या आपत्ति है ? प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा जी, दिल्ली जल गई, इसमें खुशी की क्या बात है [rpm22]?

यही वजह है, जब गुजरात में फसाद हो, बड़ौदा में हो, मुम्बई में हो, कलकत्ता में हो, दिल्ली में हो, कहीं भी हों तो हुकूमत की जिम्मेदारी एडमिनिस्ट्रेशन को टाइट करना है। यह आडवाणी जी ने कहा था, मैं नहीं कह रहा हूं, वे होम मिनिस्टर थे, जब गुजरात जल रह था वह भी उनको देखना चाहिए था, उनको हिदायत देनी चाहिए थी और हम जिस जमीन पर रहते हैं, हमारी भी कुछ जिम्मेदारी होती है, हम लोग करते हैं।...(व्यवधान) बाद में एफीडेविट तो है, लेकिन उस रोज़ 31 अक्टूबर, एक और दो नवम्बर को हम यह देखते कि 1-2 भगवा झण्डा लेकर आप भी उतरे थे कि नहीं, सिखों को मत मारो, सिखों को मत जलाओ।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER : Nothing else will be recorded except the speech of Shri Md. Salim.

*(Interruptions) ...**

MR. SPEAKER : May I submit that there should not be any intolerance of each other, inside the House at least? We should tolerate each other's views, respect them and reply to them in a proper manner. There should be no intolerance of each other. Shri Salim, please continue.

मोहम्मद सलीम : जो इनटोलरेंस और टोलरेंस की बात कर रहे हैं, वह सदन के अन्दर और सदन के बाहर दोनों जगह है।

मेरी पार्टी और मेरी यह राय है कि नानावती कमीशन को जो टर्म्स ऑफ रैफरेंस दी गई थी, उसके प्रति उन्होंने न्याय नहीं किया और इसलिए 21 साल से जो मज़लूम इन्तजार कर रहे हैं, उन्हें भी इस कमीशन की रिपोर्ट से पूरा न्याय नहीं मिला है। एक नहीं, नौ कमीशन और कमेटियां बने, सब जानते हैं, उसे मैं रिपीट नहीं कर रहा हूं, पूरे देश में चर्चा हो रही है, ढींढसा जी, आपके दर्द और दुख को हम तो ज्यादा अच्छा समझते हैं, वे नहीं। चूंकि यह स्थिति आजादी के बाद एक के बाद एक कमीशन बने, फसादात हुए और इन्साफ नहीं मिला। लेकिन यह एक मौका है, इसलिए आपकी ए.टी.आर. भी हमें नापसन्द है। इस ए.टी.आर. में अगर आप आंकड़ों में जाएंगे, 10 recommenation थे, नौ मान लिए तो वह सही नहीं होगा। जिनके नाम आये हैं, उन सब के विरूद्ध आपको कार्रवाई करनी पड़ेगी, चाहे वह जो भी हो। जब

---

* Not Recorded.

आप यह कहते हैं तो आपको भी यह कहना चाहिए कि चाहे मोदी हो और चाहे टाइटलर हो, सब के साथ इन्साफ होना चाहिए। यह हिम्मत हमारी है, आपकी नहीं है, इसलिए आप खामोश रहिये। ...(व्यवधान)

दूसरी बात, सज्जन कुमार हमारे सदस्य हैं, इसलिए मैं नाम ले रहा हूं। जो ए.टी.आर. में कहा गया, उनके बारे में, उनके सिलसिले में, इससे भी हम खुश नहीं हैं, न सदन खुश है और इसलिए हम समझते हैं कि जिनके बारे में जैसे कार्रवाई करनी चाहिए, केसेज़ को, चाहे वह ट्रेस्ड हों या अनट्रेस्ड हों, उसका एक लॉजिकल कन्क्लूज़न होना चाहिए। आप कहते हैं, एफ.आई.आर. नहीं है, कांस्टेबल अगर यह कहे कि हां, ऽ ाइमाफेसी इनके खिलाफ कुछ संदेह है तो डायरी ले लेते हैं, एफ.आई.आर. ले लेते हैं, नहीं लेते हैं तो हम लोग दबाव डालते हैं कि क्यूं नहीं लिया और कमीशन के बाद कमीशन कह रहा है तो आप कहेंगे कि नहीं?

हम नहीं कह रहे कि आप जजमेंट पास करो, लेकिन आप उन मज़लूमों की तरफ से कानून का दरवाजा तो खटखटाओ कि इनको सजा मिलनी चाहिए, नहीं तो लोग क्या बोलेंगे। अभी आपने देखा है, जब जो सत्ता में बैठ जाता है, वह केस को खत्म कर देते हैं, गड़बड़ कर देते हैं। खुद हमने इन सब के बारे में कहा था, आडवाणी जी, उमा भारती जी और मुरली मनोहर जोशी जी को केस के बारे में। इसलिए BJD, जनता दल-यू और ढींढसा जी, आपको मैं कह रहा हूं, यह मामला पार्टी लाइन का नहीं है, alliance का नहीं है, आपको उस समय भी कहना चाहिए।...(व्यवधान)

श्री मोहन रावले (मुम्बई दक्षिण-मध्य) : उस समय बालासाहेब ठाकरे साहब ने कहा था कि एक सिख को भी हाथ नहीं लगना चाहिए, हम सिखों का बलिदान नहीं भूल सकते।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : ठीक है, आप बैठ जाइये।

मोहम्मद सलीम : यह अच्छी बात है। मैं कह रहा हूं कि जब जोशी जी, उमा भारती जी और आडवाणी जी का केस आया था, उस वक्त भी आपको ऐसा ही कहना चाहिए था।[i23]

तीसरी बात, जिन पुलिस अधिकारियों और आला अधिकारियों की बात की जा रही है। मैं और मेरी पार्टी इस बात को नहीं मानती है कि वह रिटायर हो चुका है या उसका तबादला हो गया है। मुल्क में अगर इंसाफ के लिए 21 साल तक इंतजार किया गया है, यदि वे लोग रिटायर भी हो चुके हैं तो कानुन के अनुसार उनकी गिरेबां पकड़नी चाहिए। ठीक है, विभागीय एक्शन नहीं हो सकता है, लेकिन क्रिमनल प्रोसिक्यूशन के हिसाब से तो कार्यवाही की जा सकती है। बैंक में जब फ्राड होता है, तब भी यही बात कहते हैं कि रिटायर हो चुके हैं। You allow them to retire. ऐसा नहीं होना चाहिए। उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। मुआवजे के बारे में नानावती आयोग, एटीआर और बंसल जी ने भी कहा है। एक करोड़, दो करोड़, 70 करोड़ या 72 करोड़ की बात नहीं है, यह सब रूपये से नहीं मापा जा सकता है। यह तो हम हिलिंग टच की बात कर रहे हैं। You feel for that. The whole nation feels for that. संसद की तरफ से, अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे भी इस पर मदद चाहूंगा कि सरकार के ऊपर यह दबाव डाला जाए कि जिनके घर के कमाने वालों की हत्या की गई है, उन सबको सरकारी नौकरी देने का प्रबन्ध करना चाहिए। अलग से कम्पन्सेशन देने की जो बात कही जा रही है, वह कम्पन्सेशन एटपार होना चाहिए। एक राज्य में कुछ, दूसरे राज्य में दूसरे किस्म का नहीं होना चाहिए। ताकि लोगों को यह मालूम हो कि यह मुल्क की जिम्मेदारी है, समाज की जिम्मेदारी है। यह आपने साबित भी किया है। मनमोहन सिंह जी इसे आपने शुरू किया है। जब यूपीए की सरकार आयी तो इसे लोगों ने सराहा, सिक्खों ने भी सराहा। इससे बहुत से लोग घबराए हुए थे। अब इस बारे में भी आपको ही कदम उठाना होगा। देश के लोगों के अंदर जो गम और गुस्सा है, उसे देखते हुए यह कहना होगा कि " न कोई हमसफर, न किसी हमनशीं से निकलेगा, हमारे पैर का कांटा हम ही से निकलेगा।"

***m06 श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद)** : अध्यक्ष महोदय, हम आज इस महत्वपूर्ण विाय पर चर्चा कर रहे हैं। नानावती आयोग की रिपोर्ट और सरकार द्वारा प्रस्तुत एटीआर पर चर्चा हो रही है। सलीम साहब ने जो भा- ाण दिया है, मैं उन सब चीजों को दोहराना नहीं चाहता हूं। 31 अक्तूबर 1984 को श्रीमती इंदिरा गांधी जी की हत्या के बाद जो दंगे हुए, उनके बारे में ठीक ही कहा गया है कि वे दंगे नहीं, बल्कि सामुहिक नरसंहार था। उस सामुहिक नरसंहार के लिए जो लोग जिम्मेदर थे, जो कातिल थे, जो उसमें शामिल थे, उनके खिलाफ जो कठोर कार्यवाही होनी चाहिए थी, वह आज तक नहीं हो पायी है और यही असल सवाल है। इन दंगों की जांच करने के लिए तमाम समितियां बनीं। सबसे पहले रंगनाथ मिश्र समिति, 1985 में जब यह आयोग बना और 1986 में इसकी संस्तुति आयी, लेकिन उस पर लीपापोती की गई। फरवरी 1987 में तीन समितियां बनीं जैन समिति, आहुजा समिति और मित्तल समिति। मार्च 1990 में दिल्ली प्रशासन ने पोटीरोसा समिति बनायी। नवम्बर 1990 में पोटीरोसा समिति का काम जैन और अग्रवाल समिति को सौंप दिया गया। 1994 में दिल्ली में बीजेपी की सरकार ने न्यायमूर्ति नरूला की अध्यक्षता में सलाहकार समिति बनायी और इसके बाद नानावती आयोग बना।

अध्यक्ष महोदय, कमीशन और समितियां बनने के बावजूद भी इतना लम्बा अरसा बीत जाने के बाद भी पीड़ित पक्ष को मदद नहीं मिल पायी है, जो भरोसा कायम होना चाहिए था, वह भरोसा हम लोग कायम नहीं कर पाए [illegible]हैं।

मैं कहना चाहूंगा कि दिल्ली में मौतों का आधिकारिक आंकड़ा 2,733 है। हत्याएं सिर्फ दिल्ली में नहीं हुईं, दिल्ली के अलावा गुड़गांव, कानपुर, बोकारो और इंदौर में जो हिंसक घटनाएं हुईं, उनमें 2,000 लोग मारे गए। एक आदमी का कत्ल होने के बाद 5-7 लोगों को सजा हो जाती है, लेकिन यहां लगभग 5,000 लोगों का कत्ल होने के बाद सिर्फ 7-8 लोगों के खिलाफ कार्यवाही हो, मैं समझता हूं कि इससे ज्यादा बड़ा मजाक कोई दूसरा नहीं हो सकता और यही काम हुआ। मेरा आरोप है कि उन लोगों को बचाने का काम किया गया। जो कमेटीज़ बनाई गईं, उनसे जो निर्का निकलते हैं, उनके चलते कहा जा सकता है कि जो दंगाई थे, कातिल थे, कहीं न कहीं उन्हें बचाने का काम किया गया। मैं निवेदन करना चाहूंगा कि यह सामूहिक नरसंहार था। जैसे मैंने पहले कहा, असल सवाल यह है कि अगर कातिलों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होगी तो लोगों का कानून-व्यवस्था से विश्वास हट जाएगा और इस व्यवस्था से विश्वास टूट जाएगा। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि श्रीमती गांधी की हत्या में उनके जो दो अंगरक्षक सिख शामिल थे, उनकी जितनी निन्दा की जाए, उतनी कम है। लेकिन उनके कुकृत्यों के लिए पूरी कौम को निशाना बना लें, इससे ज्यादा घृणित कार्य कोई दूसरा नहीं है। यही वह समय होता है, हमारा यही आचरण आतंकवाद को जन्म देता है, इसके मूल में यही प्रवृति है। हमें इसे समझना चाहिये।

मैं आपके मार्फत निवेदन करना चाहूंगा कि अभी जब आडवाणी जी का भाण हुआ, तो बीजेपी और आरएसएस के हमारे मित्र बोल रहे थे।...(व्यवधान) कांग्रेस पार्टी को यह स्वीकार करना चाहिए कि उनका नियंत्रण नहीं था। लेकिन कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उसकी शुरुआत कर दी और स्वर्गीय राजीव गांधी का यह कहना कि जब कोई बड़ा पेड़ गिरता है तो पृथ्वी हिल जाती है, पृथ्वी ज्यादा ही हिल गई। लेकिन यह बात सही है कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जो काम शुरू किया, उस समय उस काम में सहमति जताने, उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस के लोगों ने भी किया था, यह कटु सत्य है।...(व्यवधान)

दिल्ली में सिखों के साथ जो हुआ, जिसे हम सामूहिक नरसंहार कहते हैं, ठीक उसी तरह गोधरा कांड के बाद गुजरात में हुआ। वह भी सामूहिक नरसंहार था।...(व्यवधान) आपको ज्यादा चिन्ता करने की जरूरत नहीं है। आप शामिल थे या नहीं, 1985 के लोक सभा चुनाव ने साबित कर दिया कि पूरी आरएसएस कांग्रेस पार्टी के साथ थी। आपको दो सीटें मिलीं, हिन्दुस्तान में इससे बड़ा सबूत कोई दूसरा नहीं हो सकता। आपको क्या प्रमाण चाहिए।...(व्यवधान)

श्री अटल बिहारी वाजपेयी चले गए। वे दो लाख वोटों से हारे थे। मल्होत्रा जी, कोई आरएसएस वाला आपके लिए काम करने को तैयार नहीं था।...(व्यवधान) 1985 में आप और शिवराज जी की पार्टी एक हो गई थी। मैं समझता हूं कि यही सबसे बड़ा प्रमाण है।...(व्यवधान) बोलिए मत, वर्ना आपको मुश्किल हो जाएगी।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Mr. Ramji Lal Suman, kindly address the Chair.

... (*Interruptions*)

श्री रामजीलाल सुमन : सबसे दुखद बात यह है कि रिपोर्ट के आधार पर कानून मंत्रालय से सिर्फ पांच अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए सलाह ली जा रही है। क्या इससे बड़ा मजाक कोई दूसरा हो सकता है? जिस तरह दंगे हुए, एक राजनैतिक कार्यकर्ता होने के नाते मैं यह बात मानता हूं कि दंगा एक बार हो सकता है, लेकिन अगर सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो दंगा लम्बे समय तक नहीं चल सकता[R25]।

13.00[r26] hrs.

वे दंगे पांच-छः दिन चलते रहे। इसका सीधा मतलब है कि दंगाइयों के ऊपर यह मनोवैज्ञानिक प्रभाव था कि हमारा राज है, पुलिस हमारे साथ है, सरकार हमारे साथ है, हम चाहे जो तांड़व नृत्य करें, हमारे खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी। अगर सरकार का खौफ, सरकार का इकबाल, सरकार का मनोवैज्ञानिक प्रभाव इन दंगाइयों पर होता, तो निश्चित रूप से यह घटना एक दिन हो सकती थी, एक क्षण हो सकती थी लेकिन इतने लंबे समय तक यह घटना चलती रहे, दौर चलता रहे, यह संभव नहीं था।

अध्यक्ष महोदय, नानावती आयोग की जो रिपोर्ट है, वह बड़ी अजीबो-गरीब है। जिस तरह की यह रिपोर्ट है, उसी का परिणाम है कि श्री शिवराज पाटिल जी ने उसे अपनी इच्छानुसार परिभाति कर दिया। इस रिपोर्ट में तत्कालीन उपराज्यपाल श्री पी.जी गवई को जमकर लताड़ा गया है और कहा गया है कि हालात से निपटने मे उन्होंने बहुत निरसता दिखाई। लेकिन गवई साहब फरमाते हैं कि दंगा रोकने के लिए गृह मंत्रालय से उन्होंने जो फोर्स मांगी, वह फोर्स उपलब्ध नहीं करायी गयी। उस समय दिल्ली में पुलिस आयुक्त श्री टंडन थे।

13.01 hrs. (Mr. Deputy Speaker in the Chair)

आयोग ने उनको भी कटघरे में खड़े करने का काम किया है। लेकिन टंडन साहब ने कहा कि मुझे मेरे अधिनस्थ सही स्थिति नहीं बता रहे थे। यह स्थिति है।

उपाध्यक्ष महोदय, अभी बंसल साहब जी बोल रहे थे। सही मायनों में जो लोग प्रभावित हुए, वे जिस तरह की रिपोर्ट लिखवाना चाहते थे, जिस तरह के अपराध पंजीकृत करना चाहते थे, उस तरह के अपराध पंजीकृत नहीं हुए। दिल्ली कैंट इलाके में सबसे अधिक 340 सिख मारे गये थे। पुलिस ने एक साधारण तरीके से उसकी रिपोर्ट लिख ली। पीड़ित लोग नाम बोलते रहे कि अमुक-अमुक लोग हमें मारने में शामिल हैं लेकिन पुलिस ने एफआईआर में, प्राथमिकी में उन लोगों के नाम दर्ज नहीं किये। सबसे अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि पीड़ित पक्ष के लोग जिस तरह के अपराध पंजीकृत कराना चाहते थे, उस तरह के अपराध पंजीकृत ही नहीं हुए।

उपाध्यक्ष महोदय, न्यायमूर्ति कपूर द्वारा जो प्रस्तुत रिपोर्ट है, वह एक तरह से समाज शास्त्र का विश्लेाण है। उन्होंने कहा है कि दंगों की चूक के लिए जिन 72 पुलिस अधिकारियों पर अभियोग लगाये गये, उनमें से छः गृह मंत्रालय के अनुशासनिक पदाधिकारी से संबंधित थे, 14 मुख्य सचिव उपराज्यपाल से संबंधित थे और शेा 52 अधिकारी पुलिस के अनुशासनिक पदाधिकारी से संबंधित थे। अब 72 अधिकारियों में से 13 अधिकारी सेवानिवृत्त हो गये तथा कार्यवाही शुरू होने से पहले ही तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी। 12 अधिकारियों को बरी कर दिया गया। एक मामले में विवादित कार्यवाही केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकारी द्वारा रद्द कर दी गयी। एक मामले में पैंशन कम कर दी गयी तथा तीन मामले अदालत में लंबित हैं। जहां हजारों बेगुनाह लोगों को मार दिया गया हो और उसमें 72 अधिकारी पूर्णरूपेण जिम्मेदार हों, तो क्या यह उनको बचाने का काम नहीं है, उनको संरक्षण देने का काम नहीं है ? हमने मन ही नहीं बनाया कि उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाये। जहां तक शेा 39 राजपत्रित पदाधिकारियों का संबंध है, तो उसमें से 33 अधिकारियों के विरुद्ध जांच की गयी। इनमें 32 अधिकारियों को बरी कर दिया गया और दो अधिकारियों की निंदा की गयी तथा एक अधिकारी को चेतावनी देकर छुट्टी दे दी।

मैं निश्चित रूप से कह सकता हूं कि जांच के नाम पर, दंड के नाम पर टालमटोल करने का काम किया गया। अभी जब नानावती कमीशन की रिपोर्ट इस सदन में पेश हुई, कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद नानावती साहब ने उस पर कोई प्रतिक्रिया करने से मना कर दिया। लेकिन कमेटी रिपोर्ट पेश होने से चार दिन पहले नानावती साहब ने फरमाया कि दंगों की पूरी जिम्मेदारी तत्कालीन गृह मंत्री श्री पी.वी. नरसिंह राव एवं जनरल वैद्य की थी। उनका कहना यह है कि गृह मंत्री श्री पी.वी. नरसिंह राव मौन बने रहे और सेना काफी विलंब से वहां भेजी गयी।

उपाध्यक्ष महोदय, यह जो रिपोर्ट है, जैसा मैंने पहले कहा कि इस रिपोर्ट की जो भाा है, वह संदेह पैदा करती है[r27]।

इस रिपोर्ट के पृठ 116 में है कि आयोग को यह निर्का रिकार्ड करना सुरक्षित लगता है कि जगदीश टाईटलर के खिलाफ ठोस साक्ष्य हैं कि संभवत: सिखों पर हमला करने में उनका हाथ था। अत : सरकार इस पहलू की जांच करवाने के बाद, जैसा जरूरी हो, आयोग भी आगे कार्रवाई करने की सिफारिश करता है। सरकार की तरफ से कहा गया है, संभावना के आधार पर अभियोजन नहीं चलाया जा सकता। सही मायने में इस कमीशन की जो रिपोर्ट है, वही कंफ्यूजन क्रिएट करती है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे एक निवेदन करना चाहूंगा कि अगर यह मान लिया जाए कि जिन लोगों के नाम इस रिपोर्ट में आए, अगर वे निर्दो थे तो मेहरबानी करके माननीय प्रधान मंत्री जी यह बताने की जरूर कृपा करें कि आखिर दोाी कौन है ? दिल्ली में दंगे हुए, दिल्ली में लोग मारे गये और मारने वाले लोग भी दिल्ली के थे। यह कोई बोफोर्स की जांच नहीं है, यह दिल्ली की जांच है। अब मैं यह नहीं समझता हूं कि अगर ईमानदारी से तथ्यों का पता लगाया जाता तब कोई निर्का नहीं निकाल सकते थे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जब यह दंगा हुआ तो क्या स्थिति थी ? इस दंगे के समय ज्ञानी जैल सिंह, जो उस समय हमारे देश के राट्रपति थे। उनसे मिलने श्री इन्द्र कुमार गुजराल, श्री कुलदीप नैयर, चौधरी चरण सिंह और श्री कर्पूरी ठाकुर गये और जितने लोगों ने उनसे मुलाकात की, उस समय ज्ञानी जैल सिंह एक राट्रपति की तरह व्यवहार नहीं कर रहे थे। वे अपने को असहाय महसूस कर रहे थे, देश के जो गृह मंत्री थे, वे भाव शून्य थे और लगभग मौन थे।

श्री मोहन सिंह (देवरिया) : वे हमेशा ही भावशून्य रहते थे।

श्री रामजीलाल सुमन : उपाध्यक्ष महोदय, यह जो रिपोर्ट है, इसके पेज 17 पर श्री राम विलास पासवान, गवाह संख्या 135, उनका साक्ष्य है। उनके घर से भी एक सिख को जबर्दस्ती खीचंकर मारा गया। उसमें राम िवलास पासवान जी ने भी कहा है कि वहां पास में कांग्रेस पार्टी का दफ्तर था। वहां से लोग आए थे और मुझे बताया गया था कि वे कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता थे।

पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के सेवा निवृत्त मुख्य न्यायाधीश श्री रंजीत सिंह नरूला ने अपने शपथ-पत्र में कहा है और यह इस रिपोर्ट के पेज 96 में है कि पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध जांच के दौरान वेद मरवाह द्वारा तैयार किये गये हस्तलिखित नोट उच्च अधिकारियों के निर्देशों पर नट कर दिये गये। इस प्रकार साक्ष्य का एक महत्वपूर्ण भाग नट कर दिया गया। इससे पता चलता है कि किसके इशारे पर उन कर्मियों ने अपराध के आपत्तिजनक कारनामे दर्ज किये थे। यह नरूला साहब का साक्ष्य पेज नम्बर 102 में है। श्री गोविन्द नरायण - साक्ष्य नम्बर 150 और श्री सज्जन कुमार पर जो आरोप लगे, उसके जवाब में श्री सज्जन कुमार ने इनके खिलाफ केहर सिंह द्वारा लगाये गये आरोपों का खंडन किया है। लेकिन केहर सिंह ने बताया है कि दिनांक 1-11-1984 को जब वह प्रात: काल दुकान पर जा रहे थे, तो मंगोलपुरी कांग्रेस कार्यालय पर भीड़ जमा थी जिसे सज्जन कुमार द्वारा भााण देते हुए उकसाया जा रहा था कि इस इलाके का कोई सिख जिंदा नहीं रहना चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय, ये इस तरह के साक्ष्य थे। उसमें जो महत्वपूर्ण बात है कि साक्ष्य नं. 188- श्री बी.पी. मारवाह जो उस समय सीआईडी के अपर आयुक्त थे और जिन्हें जांच दी गई थी तो उनके जिम्मे दिल्ली पुलिस की भूमिका की जांच थी और वह इस निर्का पर पहुंच रहे थे कि दिल्ली पुलिस अपने दायित्व का निर्वहन करने में असमर्थ हुई। जब वह उसका निर्का निकालने ही वाले थे, तभी कह दिया गया कि इस जांच को बंद कर दो। इसलिए हमारा आरोप है कि इस जांच को प्रभावित करने का कहीं न कहीं मैनीपुलेशन हुआ है और मेरा आरोप है कि दंगाइयों को बचाने का काम किया गया है जिसकी वजह से उन लोगों के खिलाफ आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है[R28]।

[MSOffice29]

उपाध्यक्ष महोदय, मुझे बहुत ज्यादा बातें नहीं कहनी हैं। मैं यह निवेदन करना चाहता हूँ कि इस देश में तमाम धर्मों और जातियों के लोग रहते हैं, परस्पर सामंजस्य, राट्रीय एकता और पूरे समाज में सद्भाव हमारी खुद की जिम्मेदारी है। जब हम कुछ वर्गों की नीयत पर शक करना शुरू कर दें, अनावश्यक रूप से दो वर्गों में झगड़ा हो जाए या कोई एक व्यक्ति झगड़ा शुरू कर दे और उसकी वजह से हम किसी वर्ग विशेा को गुनाहगार बनाने पर लग जाएं, मैं समझता हूँ कि किसी भी कीमत पर यह हिन्दुस्तान की सेहत के लिए ठीक नहीं है। साम्प्रदायिक तत्वों ने जहां-जहां नंगा नाच किया, चाहे वह दिल्ली में सिखों को मारने का काम हो या गुजरात और देश के दूसरे हिस्सों में आरएसएस, बजरंग दल और विश्व हिन्दु परिाद द्वारा जो नंगा नाच किया गया, दोनों एक जैसी प्रवृत्ति के द्योतक हैं। गुजरात में जो कुछ हुआ, वहां जिस तरह से अकलियत के लोगों को चुन-चुनकर मारा गया, वह कोई दंगा नहीं था। गोधरा की घटना के बाद, जिन-जिन हल्कों में मुसलमान रहते थे, उनको चुन-चुनकर मारने का काम किया गया। उस समय मोदी जी के आचरण और इन्दिरा जी की हत्या के बाद किए कांग्रेस के लोगों के आचरण में कोई ज्यादा अन्तर नहीं है। आज गृहमंत्री जी का बयान छपा है। मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूँ कि गृहमंत्री जी, आप इसमें जितना ज्यादा विलम्ब करेंगे,यह मामला आपके लिए उतना ही ज्यादा कटदायी होता जाएगा। टाइटलर को अगर आप अभी सरकार से विदा कर दें तो आपकी बड़ी कृपा होगी। यह काम आपको पहले ही कर देना चाहिए था। सज्जन कुमार जी के खिलाफ जो मुकदमे हैं, उनको फिर से रीओपेन करना चाहिए और दोाी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करनी चाहिए जिससे भविय में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

महोदय, पीड़ित लोगों का पक्ष बराबर अखबारों में छपता रहता है। उनमें से तमाम लोग बेघर हो गए, लगभग दो हजार महिलाएं विधवा हुईं, उनके पुनर्वास की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। मैं आपके माध्यम से यह भी निवेदन करूंगा कि यह जो एटीआर है, इसे पढ़ने से ऐसा लगता है कि सरकार कोई कार्यवाही नहीं करना चाहती है। इस एटीआर को रद्द करते हुए आपको यह संकल्प लेना चाहिए कि सिखों पर हमला करने वाले कातिल लोगों के खिलाफ सरकार कठोर कार्यवाही करेगी।

श्री विजय कृण (बाढ़) : उपाध्यक्ष महोदय, अभी कई विद्वान साथियों ने अपने विचार यहां रखे हैं। र्वा 1984 के दंगे सही मायने में नरसंहार थे, उसकी जितनी भी निन्दा और भर्त्सना की जाए, कम है। मैं अपनी ओर से और अपनी पार्टी की ओर से इसकी निन्दा करते हुए सदन में बोलने वाले माननीय सदस्यों की भावनाओं के साथ हूँ। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है।

इस लोकतांत्रिक देश में इस तरह की घटना भारत के माथे पर काला धब्बा है, कलंक है। इतिहास की इस शर्मनाक घठना की जितनी भी निंदा की जाए, वह कम ही होगी। जो हालात 1981 से 1984 के बीच देश में थे, उससे हम और आप सभी वाकिफ हैं। जब आपरेशन ब्लू स्टार हुआ था, इस देश में एक वर्ग ऐसा था, जो आहत था। सिखों की भावनाओं पर चोट लगी थी और एक ऐसा भी तबका था, जो तालियां पीट रहा था। देश में बहुत कम लोग थे, जो आपरेशन ब्लू स्टार की धारा के खिलाफ बोल रहे थे। देश में एक नेता चन्द्रशेखर जी थे, जिन्होंने खड़े होकर आपरेशन ब्लू स्टार के खिलाफ बात की थी। उस वक्त उन्हें निंदा सहनी पड़ी थी और गालियां सहनी पड़ी थीं। लेकिन बाद की घटनाओं ने साबित किया कि स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती गई और हालात खराब हो गए। यहां तक हालात पहुंच गए कि देश की सर्वोच्च नेता, नेहरू परिवार की मुखिया, जिस नेहरू परिवार ने राट्र के लिए बहुत किया, उसे भारी कीमत चुकानी पड़ी और श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या हो गई। देश की सर्वोच्च नेता की हत्या हुई, जो उस नेहरू खानदान से थीं, जिसने देश के लिए, उनकी कांग्रेस पार्टी ने भी देश के लिए बहुत कुछ किया है। इस देश में कांग्रेस का इतिहास त्याग, बलिदान और कुर्बानी का रहा है। लेकिन जिन परिस्थितियों में श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या हुई, उसकी परिस्थिति 1981 से लेकर 1984 तक थी।

सिखों के इतिहास पर जब आप नजर डालेंगे, तो भारत के इतिहास के साथ उसे जोड़ना नहीं भूलेंगे। स्वतंत्रता के आंदोलन से लेकर आज तक त्याग, बलिदान और कुर्बानी का इतिहास सिखों का रहा है। आपने जो बात ब्लू स्टार आपरेशन के समय की थी, आप भूल गए थे कि एक बार अहमद शाह अब्दाली का दमन चक्र अमृतसर में घूमा था और चार हजार से अधिक सिखों का बलिदान हुआ था। उस वक्त आपने भा

वनाओं की सौदागरी करने का काम किया था। आज भी कई लोग वही कर रहे हैं। दोाी कोई भी हो, हमारी तरफ का हो, उनकी तरफ का हो या इनकी तरफ का हो, नरसंहार गोधरा का हो या दिल्ली का हो, सबकी तरफ हमारी एक नजर होनी चाहिए, क्योंकि कानून का राज है। यह रूल आफ ला है।

प्रधान मंत्री जी यहां हैं। मैं यूपीए की मुखिया सोनिया जी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने सिख समुदाय से आए हुए व्यक्ति को, अल्पसंख्यक को देश का प्रधान मंत्री बनाने का काम किया। लेकिन आज भी संदेह की निगाह पाटिल साहब आप पर भी डाली जा रही है, क्योंकि इस रिपोर्ट पर आपने कार्रवाई करनी है। हमारे देश में अटल जी जैसा नेता भी है, जिनका एक स्टेटस है। मैं एक बात उनसे भी कहना चाहता हूं। जब गोधरा में नरसंहार हुआ था, तो उस नरसंहार के जिम्मेदार वहां के मुख्य मंत्री को बचाने के लिए आप जैसे नेता बोलने लगेंगे, तो फिर हम क्या समझेंगे। गोधरा में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की हत्या हुई, पूरे गुजरात में यह आग फैली। यह किसी एक व्यक्ति के द्वारा नहीं हुआ, संविधान द्वारा गठित राज्य सरकार द्वारा पोाित घटना थी। एक नरसंहार था, जिसके पक्ष में अटल बिहारी वाजपेयी जी जैसा आदमी और एनडीए के लोग खड़े होते हों, तो यह एक अजीब बात लगती है। आज ये नैतिकता की दुहाई दे रहे हैं। आज वे सिखों के घावों पर मरहम लगाने की बात कर रहे हैं, सिखों की भावना से जुड़ने की बात कर रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि भा वनाओं की सौदागरी न करें, क्योंकि इससे कटुता बढ़ती है, वैमनस्य बढ़ता है और परेशानी बढ़ती है। इससे टेंशन भी बढ़ती है। इससे हमें और आपको मुक्त रहना चाहिए। राजीव जी ने उस समय प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया था, जिसकी चर्चा अभी बंसल जी ने की थी। एक अच्छा काम हुआ था और वातावरण को ठीक बनाने के लिए उस वक्त उनकी बड़ी भूमिका रcÉÒ[R30]।

जिस परिवार में मां मर गयी हो और उसका बेटा गलियों में लोगों की भावनाओं को समेटने में लगा हो कि ऐसी घटना दुबारा न हो, यह बहुत साहस का काम होता है और राजीव जी ने उन दिनों साहस का ही काम किया था।

माननीय बंसल जी चंढीगढ़ से आते हैं, विद्वान साथी हैं और मैं उनका आदर करता हूं। जब वे बोल रहे थे तो कह रहे थे कि अकाली दल के लोग एफआईआर नहीं करवा रहे थे। मैं कांग्रेस के माननीय साथी से जानना चाहता हूं कि एफआईआर करने का काम क्या कोई पार्टी कराती है? एफआईआर दर्ज करवाने का काम पीड़ित करता है और यही कानून की व्यवस्था है। आप जैसे विद्वान आदमी जब ऐसी बात कहेंगे तो हमारे जैसे साधारण आदमी को तो बहुत दिक्कत हो जाएगी। इसलिए आप जैसे लोग जब बात कहते हैं तो उन्हें बहुत संभलकर बात कहनी चाहिए। हम जानते हैं कि आप कानून के ज्ञाता हैं और माननीय कपिल सिब्बल जैसे एक से एक कानून के ज्ञाता आपके साथ हैं, फिर भी जो बात आपके द्वारा कही गयी है उचित नहीं है। देश में कानून का राज चलना चाहिए और कानून की नजर में सब बराबर हैं, यह दिखना भी चाहिए। जहां पर मुकदमा चलाने की आवश्यकता हो, वहां पर मुकदमा चलाया भी जाना चाहिए। जिनके खिलाफ साक्ष्य हैं, जनता में मैसेज यह जाना चाहिए कि जिस तरह से गोधरा कांड पर हम लोग मजबूती के साथ खड़े हैं कि गोधरा मामले से संबंधित लोगों को सजा मिलनी चाहिए, क्योंकि अल्पसंख्यक लोगों के साथ अन्याय हुआ है और एनडीए की सरकार ने उनको संरक्षण देने का काम किया है। मैसेज यह जाना चाहिए कि जहां उंगली उठ रही है, वहां सजा होनी चाहिए और यूपीए की सरकार में पारदर्शिता होनी चाहिए, साफ बात नजर आनी चाहिए और अगर बात साफ नजर नहीं आती है तो जिन सिखों के हम बलिदान, त्याग की बात करते हैं, उनको अगर न्याय नहीं मिलता है तो न्याय पर से लोगों का विश्वास उठ जाएगा। इसलिए हम यूपीए की चेयर-पर्सन, माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय गृह मंत्री जी से अनुरोध करना चाहते हैं कि एटीआर की कमियों को दुरुस्त किया जाए। एटीआर में आपने 70 करोड़ रुपये के मुआवजे की बात कही है, जोकि बहुत ही कम है और इसमें एकरूपता भी नहीं है। कमीशन ने आपको बताया कि मुआवजे में एकरूपता होनी चाहिए। आप बताएं कि आप कौन सी एकरूपता लाना चाहते हैं।

अभी हमारे माननीय रामजीलाल सुमन जी ने कहा कि उजड़े हुए परिवारों को कोई राहत नहीं मिली है, कोई मकान नहीं मिला है, बहुत सारे लोगों को मुआवजा नहीं मिला है और मुआवजे की राशि में एकरूपता नहीं है। इसलिए राट्रीय जनता दल आपसे मांग करता है कि इस दिशा में काम आगे बढ़ाया जाना चाहिए और पीड़ित परिवार के एक सदस्य को नौकरी जल्दी से जल्दी मिलनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें नौकरी एक-दो या तीन महीने में मिल जाएगी।

यहां पर रंगनाथ समिति व तारकुंडे समिति की रिपोर्ट की बात आई। मैं समझता हूं कि राहत के लिए सरकार में इच्छा-शक्ति होनी चाहिए कि हम क्या देना चाहते हैं, क्या दिखना चाहते हैं और हम एनडीए से अलग कैसे हैं और साथ ही हम तुरंत पीड़ित परिवारों के लिए क्या कर सकते हैं? सरकार नियमों को शिथिल करके अनाथ बच्चों को नौकरी देने का काम तुरंत करे और यह भी सुनिश्चित करे कि नरसंहार पीड़ित परिवारों को अधिक से अधिक मुआवजा मिलेगा।

